वर्ष 23, अंक 240, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 24 सितम्बर 2024

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीन दिवसीय अमेरिकी दौरे के दौरान न्यूयॉर्क में नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से मुलाकात करते हुए

'जो दंगाइयों के आगे रगड़ते हैं नाक, वे ही...'- योगी

उत्तर प्रदेशः
उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर में विकास योजनाओं की सौगात देने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार (23 सितंबर) को विपक्ष के नेताओं पर जमकर प्रहार किया. उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ सभी वर्गों को मिला, हमने जाति या खेमे के आधार पर बांटने का प्रयास कभी नहीं किया. उन्होंने ये भी कहा कि राष्ट्रीय एकता अगर मजबूत है तो देश सुरक्षित है.

सीएम योगी ने कहा, 2017 के पहले माफिया सक्रिय थे और समानांतर सरकार चला रहे थे. प्रशासन सैल्यूट करने को मजबूर था. आज ये माफिया गिड़गिड़ा रहे हैं. जो लोग जाति का नंगा खेल खेलते हैं, समाज को लड़ाते हैं. ये वही लोग हैं, जो दंगाइयों के सामने नाक रगड़ते थे. जब प्रदेश आगे बढ़ रहा है तो इन्हें विकास कैसे अच्छा लग सकता है? ये लोग बैरियर लगा रहे हैं.

विकास में बैरियर बनने का काम हो रहा

योगी आदित्यनाथ ने कहा, "10 साल पहले मिजार्पुर की हालत क्या थी, यहां की सड़कों की हालत क्या थी? यहां गुंडा माफिया राज हावी था. पहले योजनाओं के साथ भी भेदभाव होता था लेकिन हमने कभी जातिगत खेमे के आधार पर बांटने का प्रयास कभी नहीं किया. आज जब प्रदेश विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है तो वो लोग बैरियर बनकर खड़ा होना चाहते हैं.

बंटे थे, इसलिए कटे थे

उत्तर प्रदेश में विकास का बखान और अयोध्या में राम मंदिर बनने की बात करते हुए मुख्यमंत्री ने आगे कहा, अयोध्या धाम जगमग हुआ और पांच सदी का इंतजार खत्म हुआ. भव्य मंदिर का निर्माण हुआ. सवाल पूछूंगा कि आखिर पांच सौ सालों तक इंतजार क्यों करना पड़ा? जब बंटे थे तो कटे थे. इसलिए कह रहा हूं कि बंटों मत. ये डबल इंजन की सरकार आप लोगों के साथ खड़े होकर काम करेगी।

हुड्डा साहब की सरकार में डीलरों और दामाद का था दबदबा

हरियाणा
शाह ने कहा कि भाजपा की सरकार आने से पहले यहां खर्ची-पर्ची के बिना नौकरी नहीं मिलती थी। लेकिन भाजपा ने हजारों युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के पूरी पारदर्शिता के साथ भर्ती की है।

हरियाणा में चुनावी प्रचार तेज होता दिखाई दे रहा है। अपनी सत्ता बचाने के लिए भाजपा पूरी ताकत लगा रही है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने भाजपा के लिए आज टोहाना में चुनाव प्रचार किया। शाह ने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस दलित विरोधी है। उन्होंने कहा कि भाजपा कैसे शासन करती है, उसका सबसे अच्छा उदाहरण हमारा ये हरियाणा है। हरियाणा में पहले दो दलों की सरकारें आती थी और जाती थी। उन्होंने कहा कि एक दल आता था तो भ्रष्टाचार बढ़ता था और दूसरा आता था तो गुंडागर्दी बढ़ती थी। दोनों में परिवरवाद और जातिवाद चरम सीमा पर था। पहली बार भाजपा ने पूरे हरियाणा की सरकार बनाई है। शाह ने कहा कि भाजपा की सरकार आने से पहले यहां खर्ची-पर्ची के बिना नौकरी नहीं मिलती थी।

लेकिन भाजपा ने हजारों युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के पूरी पारदर्शिता के साथ भर्ती की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस, दलित विरोधी पार्टी है। कांग्रेस के समय में यहां 2005 में गोहाना कांड हुआ, 2010 में मिर्चपुर कांड हुआ। कांग्रेस ने 'Not Found Suitable' करके नौकरी के आरक्षण से लोगों को वंचित रखने का काम किया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस ने हमेशा दलित नेताओं का अपमान करने के काम किया। चाहे अशोक तंवर हो या बहन कुमारी शैलजा हो, इन सबका अपमान कांग्रेस ने किया है।

क्या अब भारत को मिल पाएगी स्थायी सीट

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग को क्वाड का समर्थन

वॉशिंगटनः संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार का मुद्दा लंबे समय से दुनिया के सामने है। ये मामला अमेरिका में हालिया क्वाड समिट के दौरान भी उठा है। रविवार को क्वाड नेताओं ने यूएनएससी की सीटें बढ़ाने और इस निकाय को ज्यादा जवाबदेह बनाने के लिए इसमें सुधार का आह्वान किया है। क्वाड नेताओं ने अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और कैरिबियन देशों को यूएनएससी में स्थायी सदस्यता का दिए जाने की मांग की है। भारत के लिए ये अहम है क्योंकि उसकी ओर से बीते कई वर्षों से यूएनएससी में स्थायी सीट की मांग की जा रही है।

क्वाड समिट के बाद कहा गया है कि हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार करेंगे। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सदस्यता की स्थायी और गैर-स्थायी श्रेणियों में विस्तार के माध्यम से इसे और अधिक प्रतिनिधि, समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक और जवाबदेह बनाने की तत्काल जरूरत है। स्थायी सीटों के इस विस्तार में अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और कैरेबियन का प्रतिनिधित्व शामिल होना चाहिए।

अमेरिका ने किया भारत का समर्थन

अमेरिका ने यूएनएससी में भारत की स्थायी सीट की मांग का भी समर्थन किया है। बाइडन ने प्रधानमंत्री मोदी से बैठक में कहा है कि अमेरिका भारत की महत्वपूर्ण आवाज को प्रतिबिंबित करने के लिए वैश्विक संस्थानों में सुधार की पहल का समर्थन करता है। इसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता भी शामिल है।

यूएनएससी में सुधार की मांग काफी वर्षों से की जा रही है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने नवंबर 2022 में सुरक्षा परिषद सुधार पर अपनी चर्चा समाप्त की थी। उस समय इसके सदस्य देश संयुक्त राष्ट्र की प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए 15 सदस्यीय निकाय को आधुनिक बनाने पर सहमत हुए थे। यूएनएससी द्वारा रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए प्रस्ताव पारित करने में विफल रहने के बाद कुछ स्थायी सदस्यों के पास वीटो शक्ति पर भी सवाल उठाए गए थे।

फ्रांस ने भी कही थी सुधार की बात

परिषद की सदस्यता पर कई सदस्य देशों ने स्थायी और गैर-स्थायी दोनों सदस्य श्रेणियों के विस्तार का भी समर्थन किया था।

इसके अतिरिक्त कई वक्ताओं ने अफ्रीका के लिए अधिक सीटें जोड़ने की भी मांग की थी।

स्थायी सदस्य फ्रांस के प्रतिनिधि ने भी स्थायी सदस्यता के लिए ब्राजील, जर्मनी, भारत और जापान की उम्मीदवारी के साथ-साथ अफ्रीकी देशों के मजबूत प्रतिनिधित्व का समर्थन किया था।

यूएनएससी सुधार पर भारत का रुख

भारत की ओर से सुरक्षा परिषद सुधार पर अंतर सरकारी वार्ता (आईजीएन) में सक्रिय भागीदारी सहित यूएनएससी सुधारों की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की लगातार कोशिश हो रही है। जी4 के हिस्से के रूप में भारत ने वर्तमान भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए स्थायी सदस्यों के रूप में अधिक देशों को शामिल करने के लिए यूएनएससी का विस्तार करने की वकालत की है। जी4 में भारत के साथ ब्राजील, जर्मनी और जापान शामिल हैं।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मंच पर अपने भाषणों में इस मुद्दे पर बोल चुके हैं। जुलाई 2023 में अपनी फ्रांस यात्रा के दौरान नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के लिए उचित स्थान की वकालत की थी। मोदी ने सवाल किया था कि ये निकाय दुनिया की आवाज कैसे हो सकता है अगर सबसे अधिक आबादी वाला देश (भारत) ही इसका स्थायी सदस्य नहीं है।

इस साल की शुरूआत में विदेश मंत्री जयशंकर ने भी कहा था कि वैश्विक व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन का वक्त आ गया है। चीन पर निशाना साधते हुए जयशंकर ने कहा था कि यूएनएससी सुधारों का सबसे बड़ा विरोधी कोई पश्चिमी देश नहीं है।

दिल्ली की एक अदालत ने अमानतुल्लाह खान की न्यायिक हिरासत 7 अक्टूबर तक बढ़ाई

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को दिल्ली वक्फ बोर्ड से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान की न्यायिक हिरासत 7 अक्टूबर तक के लिए बढ़ा दी है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के ओखला से आप विधायक को न्यायिक हिरासत में अपना मेडिकल रिकॉर्ड साथ रखने की इजाजत दे दी। इसके अलावा, कोर्ट ने तिहाड़ जेल में इलेक्ट्रिक केतली और ग्लूकोज मॉनिटरिंग डिवाइस ले जाने की इजाजत मांगने वाले अमानतुल्ला खान के आवेदन पर जेल अधिकारियों से जवाब मांगा है।

कांग्रेस सबसे भ्रष्ट पार्टी, अलगाववादियों और राष्ट्रविरोधी ताकतों को देती है बढ़ावा- नड्डा

झारखंड
नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो महाभ्रष्ट पार्टी है, जो राष्ट्र विरोधी तत्वों व अलगाववादी तत्वों की पोषक है। कांग्रेस ने प्रदेश और देश को भाई भतीजावाद, तुष्टीकरण की राजनीति, भ्रष्टाचार, परिवारवाद से ग्रसित किया।

झारखंड के खूंटी में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने परिवर्तन यात्रा की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से नरेन्द्र मोदी जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं। उन्होंने कहा कि मैं लोकसभा चुनाव के दौरान झारखंड आया था और चुनावी सभाएं की थीं, उस समय भी हमें मालूम था कि इंडी अलायंस द्वारा किस तरह से झूठ फैलाया जा रहा है।

कांग्रेस बूढ़ी हो चुकी है, राम-राम का नाम लेना चाहिए : नायब

रोहतक। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बूढ़ी कहा है। सैनी ने कहा, कांग्रेस पार्टी अब बूढ़ी हो चुकी है। वह तेजी से काम नहीं कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री नायब सैनी रोहतक में भाजपा प्रत्याशी मनीष ग्रोवर के समर्थन में चुनाव प्रचार करने के लिए पहुंचे थे। यहां उन्होंने जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 70 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए यह व्यवस्था की है।

बीजेपी में शामिल होने की अटकलों के बीच कुमारी सैलजा का बड़ा बयान, 'उनको मालूम है कि...'

हरियाणाः
हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच कुमारी सैलजा की कांग्रेस से नाराजगी पर सांसद ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है. उन्होंने कहा कि कुछ बातें जरूर थी लेकिन अब हम प्रचार करेंगे. इसके अलावा बीजेपी से मिले ऑफर पर भी उन्होंने बयान दिया है.

कुमारी सैलजा से सवाल किया गया कि बीजेपी आप पर डोरे क्यों डाल रही है. इसके जवाब में उन्होंने कहा, "बीजेपी कोई डोरे नहीं डाल रही है, क्योंकि मैं चुप थी इसलिए वो कुछ-कुछ बातें करने लग गए. ऐसी को बात नहीं है. पता उनको भी है. ये उनको भी मालूम है और सभी को मालूम है कि सैलजा कांग्रेसी है."

कुमारी सैलजा ने कहा कि मनोहर लाल खट्टर अपनी पार्टी की चिंता करें।

मंत्रोच्चार के बीच भगवान वेंकटेश्वर स्वामी से मांगी गई माफी

तिरुपति मंदिर में 4 घंटे चला शुद्धिकरण अनुष्ठान

तिरुपतिः
तिरुपति मंदिर के लड्डू में जानवरों की चर्बी के इस्तेमाल पर पूरे देश के भक्तों और संत समाज गुस्सा जता रहा है. देश के कई मंदिरों ने अब बाहर से आने वाले प्रसाद को भगवान पर अर्पित करने पर रोक लगा दी है. तिरुपति लड्डू विवाद पर छिड़े बवाल के बीच तिरुमला मंदिर में सोमवार (23 सितंबर) को शुद्धिकरण अनुष्ठान किया गया. इस पूजा में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी से मंत्रोच्चार के बीच माफी मांगी गई.

मंदिर सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि 4 घंटों तक चली इस शुद्धिकरण पूजा यानी शांति होमम पंचगव्य प्रोक्षण से भगवान वेंकटेश्वर स्वामी को प्रसन्न किया गया. तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (TTDY) ने प्रसाद वाले लड्डू में जानवरों की चर्बी की मिलावट वाले विवाद के बाद इस महा शांति होमम का आयोजन किया. इस आयोजन में मंदिर के पुजारियों के साथ ही टीटीडी के अधिकारी भी शामिल हुए.

तिरुपति मंदिर में 4 घंटे चला शुद्धिकरण अनुष्ठान

तिरुमला मंदिर के शुद्धिकरण के लिए सुबह 6 बजे से 10 बजे तक शांति होमम पंचगव्य प्रोक्षण नाम की ये पूजा चली. टीटीडी के मुताबिक

इस अनुष्ठान का उद्देश्य भगवान वेंकटेश्वर स्वामी को तिरुपति के प्रसाद में जानवरों की चर्बी मिलाने जैसे कथित अपवित्र व्यवहार से प्रसन्न करना था।

चार महीने बाद इस कुर्सी पर बैठेंगे केजरीवाल : आतिशी

नई दिल्ली। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी ने अपनी कुर्सी के बगल में एक खाली कुर्सी रखी है। खुद को भरत बताते हुए दावा किया है कि श्री राम इस पर कुछ महीनों बाद बैठेंगे। नई सीएम के लिए 'श्री राम' आम आदमी पार्टी के संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल हैं।

मीडिया से रूबरू दिल्ली की सीएम ने कहा, पिता के एक वचन के खातिर जब भगवान श्री राम 14 साल के लिए वनवास गए थे तो भरत को अयोध्या का कार्यभार संभालना पड़ा था।

जैसे भरत ने 14 साल तक भगवान राम की पादुकाएं संभाली और कार्यभार संभाला, वैसे ही अगले चार महीने तक मैं दिल्ली सरकार चलाऊंगी।

इस दौरान आतिशी के बगल में एक खाली कुर्सी भी थी। जिस पर कभी पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बैठते थे।

MVA में सीटों की डील फाइनल! शरद पवार को मिली 84 सीटें

महाराष्ट्र में 100-100 सीटों पर लड़ेगी कांग्रेस और उद्धव की शिवसेना

मुंबईः महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए महाविकास अघाड़ी ने सीट शेयरिंग का फॉमूर्ला बना लिया है। शनिवार को कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव) और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) की मीटिंग में सीटों के बंटवारे पर फाइनल मुहर लग गई। सूत्रों के अनुसार, राज्य की 288 सदस्यों वाली विधानसभा में कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव) बराबर-बराबर सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि शरद पवार की एनसीपी को 84 सीटें दी गईं हैं। चार सीटें गठबंधन में शामिल होने वाले संभावित छोटे दलों के लिए रिजर्व रखी गई है। एमवीए का यह फॉमूर्ला बीजेपी को परेशान कर सकती है।

कई सीटों पर अदला-बदली की संभावना कायम

पिछले दिनों महाविकास अघाड़ी के नेताओं सीटों के बंटवारे को लेकर मीटिंग हुई, जिसमें मुंबई, कोंकण, उत्तर महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, पश्चिम महाराष्ट्र और विदर्भ की सभी सीटों पर चर्चा हुई। इस मीटिंग में तय किया गया कि 2019 के चुनाव पर जिन दलों को जीत मिली थी, उसे बिना शर्त वे सीटें दे दी जाएंगी। पिछले चुनाव में दूसरे नंबर पर रहने वाली सीटों पर भी फैसला हो गया। बताया जा रहा है कि इसके बाद कुल 245 सीटें तीन पार्टियों के बीच बांट दी गई। ओवरऑल तय किया गया कि कांग्रेस 100, शिवसेना (यूबीटी)-100 और एनसीपी (शरद पवार) 84 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। मीटिंग में यह भी तय हुआ कि एमवीए के अगली बैठक में जीती गई सीटों पर फेरबदल पर चर्चा हो सकती है, मगर सीटों का कुल आंकड़ा नहीं बदलेगा।

बताया जा रहा है कि अभी 30-35 सीटों पर पेच फंसा है। मराठवाड़ा, मुंबई और विदर्भ की 30-35 सीटों पर एमवीए के तीनों घटकों ने दावेदारी कर दी है। बैठक में इन सीटों पर सर्वे कराने का निर्णय लिया गया। सर्वे में जिसकी ताकत ज्यादा रहेगी।

आपूर्ति निरीक्षक के आने की सूचना पर कोटेदार ने शुरू किया खाद्यान्न का वितरण

अखंड भारत संदेश

तातारगंज गांव में 22 दिन से सरकारी खाद्यान्न के इंतजार में बैठे रहे ग्रामीण

जसरा। विकास खंड जसरा के तातारगंज गांव में सोमवार को बारा तहसील के खाद्य आपूर्ति निरीक्षक के आने व मुकदमा दर्ज होने की आशंका से डरे कोटेदार ने खाद्यान्न का वितरण शुरू करा दिया। जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। सोमवार को तहसील बारा के खाद्य आपूर्ति निरीक्षक नंदकिशोर यादव को कई दिनों से ग्रामीणों से शिकायत मिल रही थी कि सितंबर माह का सरकारी खाद्यान्न का वितरण कोटेदार द्वारा नहीं किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। सोमवार को जब खाद्य आपूर्ति अधिकारी के आने व मुकदमा दर्ज किए जाने की भनक लगी तो कोटेदार ने आनन फानन में अपने पोती ज्योति सिंह से गांव में खाद्यान्न का वितरण प्रारंभ करा दिया। वहीं आपूर्ति निरीक्षक जब गांव पहुंचे तो वहां खाद्यान्न का वितरण हो रहा था। ग्रामीणों के अनुरोध पर आपूर्ति निरीक्षक बिना किसी कार्यवाही किये बैरंग वापस तहसील लौट गए। ग्रामीणों ने बताया कि 22 सितंबर तक कोटेदार द्वारा खाद्यान्न का वितरण नहीं किया गया था। श्री सिंह ने बताया कि कोटेदार शेर बहादुर सिंह बीमार चल रहा है। तथा कूल्हे की हड्डी के ऑपरेशन के कारण वह खाद्यान्न वितरण करने में असमर्थ है। उन्होंने बताया कि कोटेदार का इस्तीफा भी मिल गया है। लेकिन इस्तीफा अभी स्वीकार नहीं किया गया है। बताया कि अगले माह से किसी बगल के कोटेदार को संबद्ध कर वितरण कराया जाएगा। यह भी बताया कि तीन अन्य जगहों पर भी दुकानें खाली थी उसको किसी तरह से अभी बनवाया गया है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि पिछले कुछ माह से कोटेदार ने अंगूठा तो लगवा लिया है लेकिन खाद्यान्न का वितरण नहीं किया। जिस पर आपूर्ति निरीक्षक नन्द किशोर सिंह ने कहा कि उन्होंने ग्रामीणों से खाद्यान्न न पाने वाले लोगों की लिस्ट बनाकर देने की बात कही है। तथा कोटेदार द्वारा की गई अनियमितता पर निश्चित ही कार्रवाई करने को कहा है। उन्होंने तीन दिन में गांव के सभी लोगों को खाद्यान्न वितरण का भरोसा भी दिया है।

भरवारी रेलवे क्रासिंग पर ट्रेन की टक्कर से एक युवक की दर्दनाक मौत, मृतक की नही हुई शिनाख्त

कौशाम्बी। जिले के भरवारी रेलवे क्रासिंग पर ट्रेन की टक्कर से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई,घटना के बाद पहुंची रेलवे पुलिस और रेल कर्मियों ने मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन सफलता नही मिली,रेलवे पुलिस ने शव को रेलवे ट्रैक से बाहर कराकर रेलवे यातायात को सुचारू रूप से जारी करवा दिया।रेलवे की जीआरपी पुलिस को इसकी सूचना दी गई,सूचना पर पहुंची रेलवे की जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी रेलवे क्रासिंग के पास देर शाम बाड़मेर गोवाहाटी एक्सप्रेस डाउन ट्रेन की टक्कर से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई,ट्रेन की टक्कर से युवक की शरीर कई टुकड़ों में बंट गई,घटना के बाद मौके पर पहुंचे रेलवे कर्मचारियों और सिपाहियो के साथ रेलवे पुलिस चौकी प्रभारी सुरेंद्र पासवान ने रेलवे ट्रैक से शव के टुकड़ों को एकत्रित करा ट्रैक को खाली कराया।रेलवे ट्रैक पर खोजने पर मृतक के मोबाइल के कुछ पार्ट्स मिले है,पुलिस ने शव की शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नही हो पाई,जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

भव्य कलश यात्रा के उपरांत भक्तों ने सुनी भागवत कथा महात्म्य

सहसों। सप्त दिवशीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ क्षेत्र के चंदरपुर उर्फ बसमहुआ गांव में चिंतामणि शुक्ल के संयोजन में चल रही कथा के प्रथम दिवस पर सोमवार को कथा से पूर्व यज्ञ मंडप एवं कथा स्थल पर आचार्य विद्वान द्वारा आवाहित देवी देवताओं की धूप, दीप, नैवेद्य आदि से विधि विधान पूर्वक पूजन, अर्चन एवं कलश पूजन के पश्चात अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास आनंद भूषण जी महाराज की अगुवाई में भव्य कलश यात्रा निकली गई। कलश यात्रा को गांव, मोहल्लों में घंटा घरियार, शंख ध्वनि एवं आधुनिक वाद्य यंत्रों के साथ बच्चे, बूढ़े, युवाओं के नाचते गाते घुमाया गया। कलश यात्रा के दौरान महिलाएं मंगल गीत गाते एवं अन्य श्रद्धालु भक्तों ने भगवान का जयकारा लगाते शामिल रहे। कलश यात्रा को घुमाते हुए गांव स्थित मंदिरों का दर्शन, पूजन के पश्चात वापस कथा स्थल पर विराम दिया गया। तत्पश्चात कथा स्थल पर व्यास पीठ से कथा व्यास ने श्रोता भक्तों को भागवत कथा महात्म्य का श्रवण करते हुए बताया कि मनुष्य के दैहिक और भौतिक तापों की नष्टकारिणीं और जीवन में ज्ञान का मंगल सुख प्रदान करती है कथा। इसलिए श्रीमद्भागवत कथा मोक्षदायिनी कही गई है। भागवत कथा का श्रवण करने से राजा परीक्षित, दुराचारी धुंधकारी आदि को मोक्ष की प्राप्ति हुई। इसलिए जीवन को धन्य करते हुए हर मनुष्य को चाहिए कि तन मन ह्रदय से भगवत कथा का श्रवण करें। जिससे जीवन को भगवान की भक्ति में समर्पित कर जीवन को भक्तिमय करते हुए लीन हो जाएं जिससे मुक्ति का मार्ग प्रशस्त हो सके। कथा के उपरांत मुख्य यजमान चिंतामणि शुक्ल, बृजेश कुमार शुक्ल, आनंद कुमार शुक्ल, प्रशांत कुमार शुक्ल सहित आदि भक्तों ने व्यास पीठ, भागवत भगवान एवं आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी। तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर कथा पंडाल में प्रमुख रूप से त्रियुगी नारायण शुक्ला, डॉक्टर दीना नाथ शुक्ला, उमाकांत शुक्ला, पंडित दिनेश चन्द्र तिवारी, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, जगदीश नारायण शुक्ला, अशोक कुमार पांडे एवं जितेंद्र शुक्ला, सुरेंद्र कुमार शुक्ला, अनुज, अर्पित सहित आदि भक्त श्रोता नर नारी कथा का रसपान करते मौजूद रहे।

मांडा में एडीओ पंचायत ने परिषदीय विद्यालय का किया निरीक्षण

अनुपस्थित मिले 3 शिक्षकों का रोका वेतन

मांडा। अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही से खराब शिक्षण व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एडीओ पंचायत आर. के. पाण्डेय ने कमर कस ली है। सोमवार को उन्होंने परिषदीय विद्यालय नहवाई का निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक अध्यापिका छाया श्रीवास्तव गैरहाजिर मिलीं। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय बेदौली का निरीक्षण किया। जहां शिक्षक मो. खालिद अनुपस्थित मिलीं। इसके बाद एडीओ पंचायत ने वेतन रोकने का निर्देश देते हुए रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी। एडीओ पंचायत ने विकास कार्यों की गुणवत्ता की जांच की। साथ ही अविलंब अधूरे कार्य को पूर्ण कराने को कहा। एडीओ पंचायत ने इसी के साथ बघौरा खवासान प्राथमिक विद्यालल का निरीक्षण कर स्थिति की पड़ताल की तो अध्यापक गौरव त्रिपाठी अनुपस्थित मिला ' उन्होंने प्रधानों और सचिवों को चेताया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन सरकार की मंशा के अनुसार करें। इसके अलावा विद्यालय के सड़क पानी व बिजली की व्यवस्था अविलंब दुरस्त कराने का निर्देश दिया। एडीओ ने बताया कि विद्यालयों के निरीक्षण में अनुपस्थित शिक्षकों का वेतन रोका गया है। कई विद्यालय ऐसे हैं, जिनमें शिक्षकों की लापरवाही सुनने को मिली है। जल्द ही निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। लेकिन नौनिहालों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। इसी क्रम में गिरधरपुर ग्राम पंचायत के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को दोपहर का घटिया भोजन बनवाने की सूचना पर एडीओ पंचायत ने बताया कि उच्च प्राथमिक विद्यालय जांच के लिए पहुचे लेकिन अन्य विद्यालयों की जांच करने में विलम्ब होने से उक्त विद्यालय में दोपहर के समय का भोजन की जांच नहीं कर पाया।

आल इंडिया मुस्लिम कायस्थ वेलफेयर एसोसिएशन का कार्यक्रम संपन्न

इन चौदह सालों में पच्चीस हजार कायस्थों आफ लाइन जोड़ा गया, असफाक अहमद सिद्दीकी

कोरांव। ऑल इंडिया मुस्लिम कायस्थ वेलफेयर एसोसिएशन का एक सम्मेलन हल्दी ग्राम सभा में जनाब शादाब सिद्दीकी साहब द्वारा आयोजित हुआ। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि जनाब सगीर अहमद सिद्दीकी रिटायर्ड एजी ऑफिस अफसर ने शिरकत की। कार्यक्रम में मुस्लिम कायस्थ समाज को शिक्षा और उनके समग्र विकास को ले कर काफी चर्चा हुई। साथ ही सगठन के बड़े विस्तार पर चर्चा की गई। जिससे परेशान और जरूरत मंडन की कैसे मदद हो इस पर भी बातचीत हुई। कोषाध्यक्ष जनाब मो इश्तियाक सिद्दीकी ने संस्था को मजबूत बनाने के लिए सभी के सहयोग की जरूरत बताई। महा सचिव राष्ट्रीय जन्म जमाल अहमद सिद्दीकी,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जन्म मोहम्मद नौशाद सिद्दीकी,आदि ने संस्था को तरक्की की तरफ ले जाने और ज्यादा से ज्यादा कायस्थ समाज के लोगों को जोड़ने और यू ही समाज की मुख्य धारा से जोड़ने पर भी चर्चा की। जिससे संस्था को विस्तार दिया जा सके। क्योंकि समाज बिना शिक्षा के भाई चारा और अल्लाह और उनके रसूल के बताए हुए कदमों पर चलने की वकालत की गई। उक्त संस्था के संस्थापक जनान अशफाक अहमद सिद्दीकी ने बताया कि सभी के सहयोग से वर्ष 2010 में संस्था की नींव डाली गई। और इन चौदह सालों में करीब आफलाइन पच्चीस हजार से ज्यादा लोगों को सोसायटी से जोड़ा गया। व्हाट्स प ग्रुप से कुल बासठ ग्रुप,फेसबुक,इंस्ट्राग्राम पर पेज और यू ट्यूब पर चैनल भी है जिससे पूरे भारत वर्ष के विभिन्न क्षेत्रों से मुस्लिम कायस्थ समाज को पूरी दुनिया भर में जोड़ा जा सके। साथ ही संस्थापक ने बताया की बारह देशों के लोगों को अब तक ग्रुप में जोड़ा जा चुका है। और निरंतर जारी भी है। संस्था द्वारा सहायता के लिए मेडिकल टीम,कानूनी सलाहकार टीम,मैरिज ब्यूरो,रक्तदान टीम वगैरह का विस्तार किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अब तक गरीबों की मदद के लिए रक्तदान,गरीबों को राशन,बढ़ ग्रस्त इलाकों में लोगों की शहायता,मुफ्त शिक्षा आदि की व्यवस्था का कार्य जारी है। उक्त लोगों के अलावा जनाब असद सिद्दीकी,जनाब परवेज कमाल,जनान कुतुबुद्दीन साहब,जनाब इकरार साहब,जनाब हाशिम साहब, जनाब इशरत साहब,जनाब मोहिब सिद्दीकी साहब,जनाब शहरेयार साहब,जनाब मो आकिल साहब, जनाब मो आवेश साहब,जनाब मुख्तार अहमद साहब,जनाब मो अजीम साहब, जनाब राशिद, जनाब साहबे आलम,जनाब शमीम अहमद साहब, जनाब आवेश सिद्दीकी,जनाब अखलाक हुसैन साहब,जनाब मो जिशान,वगैरह लोग शामिल रहे। आयोजन को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष का सभी ने शुक्रिया अदा किया और उनकी होंशलाआफजाई की।

न्यूज झरोखा

करछना स्वास्थ्य केंद्र पर आयुष्मान आरोग्य मेले में बांटें गए निः शुल्क पौष्टिक आहार किट

करछना। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना में सोमवार को आयुष्मान आयोग निशुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र से आए लोगों को स्वास्थ्य किट बांटे गए तथा उनके बीमारियों के संबंध में विभिन्न चिकित्सकों द्वारा परीक्षण कर निशुल्क दवाएं भी वितरित की गई सरकार द्वारा चलाई जा रही आयुष्मान आरोग्य मेले में मरीज को स्वास्थ्यवर्धक खाद्यान्न सामग्री किट का वितरण उनके स्वास्थ्य के लिए अधिक से अधिक स्वास्थ्यवर्धक बनाने के लिए खाद्यान्न वितरित किया गया जिसमें सैकड़ो महिलाओं को खाद्यान्न पौष्टिक आहार किट पैकेट उन्हें प्रदान किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अतिथि प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना के अधीक्षक डॉक्टर के बी सिंह कुशवाहा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य त्रिवेणी प्रसाद पांडे, राम भवन द्विवेदी शोभा द्विवेदी, वंदना तिवारी ,नेहा पांडे डॉक्टर वाईपी सिंह डॉक्टर दीपक कुमार मनीष मतानी डॉक्टर अर्चना केसरवानी सौरभ कुमार एवं समस्त स्वास्थ्य कर्मी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के उपस्थित रहे जिनमें बड़ी संख्या स्वास्थ्य मेले में लोग एकत्रित हुए

मांडा पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को शान्ति भंग में किया चालान

मांडा। इलाकाई थाना क्षेत्र के भिन्न भिन्न गावों में मार पीट व गाली गलौज करने की सूचना पर मांडा पुलिस आधा दर्जन लोगों को शान्ति भंग में चालान कर दिया ' मांडा थाना क्षेत्र के भरारी मांडा मस्तान शाह बाबा मजार के पास पैसे के लेन देन को लेकर गाली गलौज व मार पीट की सूचना पर मांडा पुलिस ने प्रथम पक्ष के छोटे लाल उर्फ छोटू पुत्र बंशी लाल गौड़ निवासी टंगहा व द्वितीय पक्ष के रोहित कोल पुत्र बिहारी लाल निवासी हाटा, जितेन्द्र यादव पुत्र दीना नाथ यादव, राजेश कुमार सिंह पुत्र राम चन्द्र सिंह निवासीगण भरारी को मांडा पुलिस ने उपरोक्त लोगों को शांति भंग में चालान कर दिया ' उधर पैसे के ही लेन देन को लेकर गाली गलौज व मारने पीटने की सूचना बघौरा खवासान गांव निवासी रामआशीष बिन्द पुत्र राजधर बिन्द ने तहरीर देकर आरोप लगाया हैं कि गांव के ही लवकुश बिन्द पुत्र रमा कांत ने गाली गलौज देते हुए मारा पीटा भुक्तभोगी के सूचना पर मांडा पुलिस ने दोनों पक्षो को शांति भंग ने चालान कर दिया हैं ' वही भारत गंज पुलिस चौकी अन्तर्गत चक मुसाही, मानपुर ने अपने पत्नी से मुकदमा लिखाने की बात को लेकर गाली गलौज, मार पीट करने पर महिला उप निरीक्षक नीरज कुमारी ने पति कड़े कांत पुत्र बालेश्वर प्रसाद को शान्ति भंग में चालान कर दिया है।

उग्रसेनपुर में कैंप लगाकर भाजपा ने चलाया सदस्यता महाअभियान

प्रतापपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 2 सितंबर से विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय सदस्यता महाअभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में प्रतापपुर मंडल के पदाधिकारियों ने भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतापपुर कमला प्रसाद पांडेय की अध्यक्षता में सोमवार को उग्रसेनपुर में भाजपा सदस्यता अभियान कैंप लगाकर लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया। उपस्थित लोगों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों को बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया गया। सदस्यता अभियान कैंप में समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संजय मिश्र बनकटा, पूर्व मंडल अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी, मंडल मंत्री जयप्रकाश द्विवेदी, मंडल उपाध्यक्ष कृष्ण देव मिश्र एवं श्वेतांक मिश्रा, मंडल महामंत्री श्याम धर शर्मा एवं देवेंद्र द्विवेदी, पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष अच्छे लाल पटेल, प्रमोद जायसवाल, विपिन मिश्रा, शिवदत्त तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

शिवम अक्षयवट हॉस्पिटल परिसर में किया गया वृक्षारोपण

नैनी। नैनी में पीपुल्स वेलफेयर सोसाइटी एवं शिवम अक्षयवट मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर की तरफ से हॉस्पिटल परिसर में एवं हॉस्पिटल परिसर के आसपास में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया, इस मौके पर डॉ ए.के. राय ने कहा कि पर्यावरण के साथ संतुलन बनाना जरूरी है वरना वह समय भी आएगा जब हम सभी स्वच्छ हवा और बारिश की पानी के लिए तरसते रहेंगे, हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम अपने आने वाली पीढ़ी को एक हरी भरी पृथ्वी विरासत में दें उन्होंने अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की, सोसाइटी की सचिव डॉक्टर नम्रता राय ने बताया कि सोसायटी इस वर्ष 1000 वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा है कार्यक्रम में अजय उपाध्याय बृजेश पाण्डेय, सत्य प्रकाश, धीरेंद्र, वीरेंद्र, प्रियंका, अंकिता, राहुल, चन्द्रेश एवं समस्त स्टाफ ने सहयोग किया।

तमंचा के साथ एक अभियुक्त पुलिस के हत्थे चढ़ा, मचा हड़कंप

मांडा। क्षेत्र के मांडा थानांतर्गत दिघिया चौकी की पुलिस ने अपराधियों के प्रति अभियान छेड़ रखा है। इसका खामियाजा अपराधियों को भुगतना पड़ रहा है । पुलिस के हत्थे लगातार अपराधी चढ़ रहे है। वहीं मांडा पुलिस लगातार कामयाबी हासिल कर रही है। मांडा थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एसएसआई शैतान सिंह, अरुण शुक्ला, रितेश यादव ने मुखबिर की सूचना पर रविवार पौने आठ बजे मांडा भरारी गांव निवासी हिमांशु सिंह उर्फ यश पुत्र राजेश कुमार सिंह को माण्डा मस्तान शाह बाबा मजार के सामने लालगंज रोड पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे, चेकिंग के दौरान ही मुखबिर कि सूचना मिली की भारतगंज कर्बला की तरफ से एक व्यक्ति पैदल लालगंज रोड की तरफ आ रहा है और कर्बला की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर एक काले रंग की हीरो स्पेलेण्डर प्लस मोटरसाइकिल खड़ी है जो शायद इसी व्यक्ति की है उक्त व्यक्ति के पास एक तमंचा व कारतूस हैं । मुखबीर की सूचना पाकर पुलिस बल कर्बला भारतगंज मोड़ से जहाँ अभियुक्त की बाइक खड़ी थी उससे करीब 20-25 कदम पहले रोड के किनारे खड़े महुआ के पेड़ों व पत्थरों की आड़ में छिपकर अभियुक्त का इंतजार करने लगे । थोड़ी देर में एक व्यक्ति भारतगंज कर्बला की तरफ से पैदल आता दिखाई दिया जिसको चारो तरफ से घेराबंदी करते हुए पकड़ लिया गया । जामा तलाशी से अभियुक्त के पास 01 अदद तंमचा 315 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज कर मोटर साईकिल को सीज कर दिया है । पुलिसिया कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

ताजमहल के आंसू को मिला प्रेमचंद स्मृति साहित्य शिखर सम्मान

अखंड भारत संदेश

भूली बिसरी कहानियाँ पर प्रेमचंद स्मृति साहित्य भारती सम्मान तथा शब्द संसार पर प्रेमचंद स्मृति साहित्य वैभव सम्मान दिया गया

करछना। अवध क्षेत्र की साहित्यिक व सांस्कृतिक प्रतिभाओं के उन्नयन हेतु कृतसंकल्पित संस्था *अवध साहित्य अकादमी प्रयागराज* द्वारा *प्रेमचंद स्मृति साहित्य शिखर सम्मान 2024* प्रो०डॉ० सुनील विक्रम सिंह के उपन्यास *ताजमहल के आंसू* को , सुप्रसिद्ध साहित्यकार जया मोहन के कहानी संग्रह *भूली बिसरी कहानियाँ* पर प्रेमचंद स्मृति *साहित्य भारती* सम्मान तथा चर्चित साहित्यकार डॉ योगेंद्र कुमार मिश्रा विश्वबंधु के कहानी संग्रह *शब्द संसार* पर प्रेमचंद स्मृति *साहित्य वैभव* सम्मान प्रदान किया गया` हिन्दुस्तानी एकेडमी सभागार में एक भव्य सम्मान समारोह वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेन्द्र श्रीवास्तव ( गाडरवारा म प्र) की अध्यक्षता एवं आचार्य ओम नीरव जी ( लखनऊ उ प्र) के मुख्य आतिथ्य में हुआ जिसमें विशिष्ट अतिथि डॉ शंभुनाथ त्रिपाठी अंशुल, शीलधर मिश्र, ( प्रयागराज) कवि संगम त्रिपाठी ( जबलपुर ) रहे` सम्मान में सुसज्जित सम्मान पत्र , अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न, मोती माला और प्रचुर साहित्य देकर अभिनंदित किया गया` सम्मान समारोह का संचालन अकादमी के अध्यक्ष डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय ने किया।

रोजगार मेले में लोगों ने दिखाई उत्सुकता बढ़-चढ़कर लिया भाग

प्रयागराज। करछना तहसील अंतर्गत मोती लाल नेहरु डिग्री कालेज कौंधियारा में सोमवार को सेवायोजन कार्यालय द्वारा रोजगार मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख कौंधियारा इंद्रनाथ मिश्र रहे। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस बीच ब्लॉक प्रमुख ने उन अभ्यर्थियों से कहा कि निराश होनें की जरूरत नही है, रोजगार मेला फिर से आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेला में कुल 9 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रोजगार मेले में कुल 306 प्रशिक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया तथा विभिन्न कम्पनियों द्वारा 186 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर डिग्री कॉलेज के प्रबंधक राजेंद्र कुमार मिश्र बबुआन, मेला प्रभारी मारूफ अहमद, अनुदेशक विश्वमोहन द्विवेदी, सह मेला प्रभारी प्रमोद पाण्डेय,पीएन कुशवाहा, डॉ अखिलेश द्विवेदी, विक्रम शुक्ल, वेद प्रकाश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहें।

युवक को मार पीट कर जख्मी कर दिया गया मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। मऊआइमा इलाके के सराय खान देव में गुटखा लेने जा रहे एक युवक को अनायास मार पीट कर जख्मी कर दिया गया। पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के सराय खानदेव गांव निवासी जगमोहन पुत्र भागीरथी का कहना है कि वह गुटखा लेने जा रहा था। आरोप है कि अनायास उसे रास्ते मे रोक कर गालियां दी गई और जान से मारने की धमकी देते हुए मारा पीटा गया। जगमोहन ने मऊआइमा थाना में तहरीर दे कर गांव के रिंकू व शमी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

पुलिस ने गस्त के दौरान दो चोरों को पकड़ा,बैट्रा इनवर्टर,स्पीकर बरामद

उतरांव। उतरांव पुलिस को उस समय बड़ी सफलता मिला जब पुलिस रात में अभियान के तहत गस्त कर रही थी गस्त के दौरान सुबह तड़के 4 बजे के करीब नागनाथपुर पुलिया के पास से दो चोर को पकड़ा।पुलिस के कड़ाई से पूछताछ में चोरी का सामान बरामद हुआ। अभियान के तहत पुलिस रात में गस्त कर रही थी।सोमवार सुबह तड़के नागनाथपुर हाईवे पुलिया के पास दो संदिग्ध युवक दिखे। पुलिस को शक हुआ तो युवक की तरफ बढ़ने लगे। पुलिस की गाड़ी देख युवक भागने लगे इतने में पुलिस ने दौड़कर पकड़ लिया। पुलिस के कढ़ाई से पूछताछ में सचिन कनौजिया पुत्र राजेंद्र निवासी बेला खास थाना सराय ममरेज व ओम प्रकाश पुत्र लालमणि निवासी माझियारी थाना सराय ममरेज प्रयागराज ने मोहिद्दीनपुर स्थित महद इंटरनेशनल कॉलेज(प्ले ग्रुप) में चोरी की घटना को कबूला। पुलिस ने दोनों चोरों के निशानदेही पर एक इनवर्टर, बैट्रा,साउंड सिस्टम तथा दो स्पीकर बरामद किया। पूछताछ में पुलिस से चोरों ने बताया कि बीते 21 सितंबर को निमंत्रण खाकर लौट रहे थे। दोनों चोरों ने विद्यालय के पीछे की दीवार में सेंध लगाकर सामान चोरी की थी। जिसे नागनाथपुर पुलिया हाईवे के पास झाड़ी में छुपा कर रखे थे। आज सुबह 4 बजे तड़के उसे लेने के लिए आए थे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने दोनों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर दोनों चोरों का न्यायालय के लिए चालान कर दिया।थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी के लगातार हो रही कारवाई से अपराधियों में दहशत तथा क्षेत्र में शांति का माहौल है। गिरफ्तारी टीम में मुख्य रूप से उप निरीक्षक शशांक सिंह,राम सुधार यादव, राणा प्रताप,हेड कांस्टेबल रामधनी,राजीव राजावत, सत्रजीत ने बड़ी चालाकी के साथ चोरों को पड़कर जेल भेज दिया।

जिलाधिकारी ने छोटा बघाड़ा में जनता के बीच पहुंचकर साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

अखंड भारत संदेश

जिलाधिकारी ने बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में साफ-सफाई, एंटी लार्वा एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराते रहने के दिए निर्देश

प्रयागराज। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने सोमवार को छोटा बघाड़ा के पास जल स्तर घटने के उपरांत साफ-सफाई की व्यवस्था का निरीक्षण किया। बाढ़ प्रभावित इलाकों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए उन्होंने वहां पर लोगों से बातचीत करते उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली और उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी को किसी भी प्रकार की परेशानी है तो वह जिला प्रशासन से बता सकता है। उन्होंने वहां पर नियुक्त सभी सफाई कर्मचारियों के बारे में जानकारी लेते हुए निरंतर सफाई का कार्य करते रहने के लिए निर्देशित किया, जिससे कि किसी भी प्रकार की बीमारी का खतरा ना हो। उन्होंने कहा कि कहीं पर भी जल-जमाव न हो। यदि कहीं पर पानी भरा हो तो उसे निकालने का कार्य तत्काल करें। उन्होंने नगर निगम के अधिकारी को सभी जगह पर मेलाथियान का छिड़काव, एण्टी लारवा का छिड़काव, फागिंग, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराये जाने के लिए कहा है, जिससे की बीमारियां न पैदा हो। उन्होंने नगर निगम की टीमों द्वारा कराई जा रही साफ-सफाई, एंटी लारवा छिड़काव, ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव को देखा और संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी कार्यों को अच्छे ढंग से किया जाए। उन्होंने छोटा बघाड़ा में रहने वाले एक छात्र के द्वारा बताया गया कि वही सड़क पर एक ट्रांसफार्मर रखा हुआ है, जिसका संज्ञान लेते हुए उन्होंने उसे तत्काल हटाए जाने का निर्देश बिजली विभाग के अधिकारियों को दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) विनय कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त नगर निगम, जिला मलेरिया अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, सम्बन्धित जोनल अधिकारी नगर निगम एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

छात्राओं से निरंतर छेड़खानी से ऊब कर प्रबंधक ने शोहदों के विरुद्ध थाने में दी तहरीर

मऊआइमा। विद्यालय से आती जाती छात्राओं को देख कर बाइक सवार शोहदों द्वारा छेड़खानी अभद्र टिप्पणी करने की हो रही आए दिन घटना से ऊब कर प्रबंधक ने मऊआइमा थाने में बाइक सवार शोहदों के खिलाफ तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव स्थित एक इंटर मीडिएट कालेज में आती जाती छात्राओं से रोज बाइक सवार घूम घूम कर तीन युवकों द्वारा छेड़खानी, अभद्र टिप्पणी, अश्लील इशारे करते हैं। आरोप है कि प्रबंधक और प्रधानाचार्य के बोलने पर दबंग शोहदों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जाती है। आरोप है कि सोमवार को छुट्टी के बाद फिर शोहदों द्वारा छेड़खानी अभद्रता, छिंटा कसी छात्राओं से की गयी। जिससे ऊब कर प्रबंधक ने इसकी लिखित शिकायत मऊआइमा थाना में की है।

सचिव का विवाद गहराया, ग्राम प्रधान ने बिना हस्ताक्षर का भुगतान कराने का लगाया आरोप

मांडा। यमुनापार के विकास खण्ड मांडा ब्लॉक मुख्यालय अन्तर्गत आमतौर पर ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी का गहरा साथ एवं चोली दामन का सम्बन्ध होता है ' लेकिन पयागपुर रमगढ़वा ग्राम पंचायत में प्रधान और सचिव का विवाद गहराता जा रहा है। सचिव ने बिना प्रधान का हस्ताक्षर कराये 80 मनरेगा जाबकार्ड धारकों का भुगतान कर दिया, जिसकी शिकायत प्रधान ने विभिन्न अधिकारियों से की है। मांडा क्षेत्र के पयागपुर रमगढ़वा ग्राम पंचायत के प्रधान रामजी गौड़ ने अधिकारियों को प्रेषित पत्र में आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत का अध्यक्ष ग्राम प्रधान और सचिव ग्राम पंचायत अधिकारी होता है, लेकिन उनके ग्राम पंचायत के सचिव बिना उनसे पूछे या हस्ताक्षर कराये 80 मनरेगा जाबकार्ड धारकों का भुगतान कर दिया। नियमतः भुगतान के लिए प्रधान का भी हस्ताक्षर होना चाहिए।

प्रधान और सचिव के विवाद से ग्राम पंचायत के विकास पर असर पड़ रहा है। मामले में बीडीओ मांडा अमित मिश्रा का कहना है कि पयागपुर रमगढ़वा ग्राम पंचायत के सचिव व प्रधान में चल रहे विवाद की हमें भी जानकारी है, लेकिन मनरेगा जाबकार्ड ऐप पर धारकों का यदि नियमानुकूल भुगतान है, तो अकेले सचिव के हस्ताक्षर से भी हो सकता है।

मांडा में आंगनबाड़ी कार्यकत्री की लापरवाही पर गिरी गाज, सीडीपीओ ने की कार्रवाई

मांडा। ब्लॉक के मांडाखास रानी तालाब स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर कार्यकत्री कृष्णा कुमारी के खिलाफ कार्रवाई हुई। ग्रामीणों की शिकायत पर हुई जांच में पता चला कि कार्यकत्री लापरवाही बरतती है, केंद्र बंद रखती है और पोषाहार का वितरण नहीं करती। ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कार्यकत्री अपने पति को सरकारी कर्मचारी पद पर कार्यरत होने का धौंस जमाती है, जो एक बड़े अफसर का वाहन चालक है। सीडीपीओ रमेश कुमार ने कार्यकत्री का मानदेय रोक दिया और नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा। सीडीपीओ ने चेतावनी दी कि आकांक्षी ब्लॉक होने के बावजूद लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यदि कार्य में शिथिलता मिली, तो सविंदा समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई ग्रामीणों की शिकायत पर हुई और लापरवाही के खिलाफ सख्ती दिखाई गई।

व्यापारी से एक करोड़ तीस लाख की धोखाधड़ी

अखंड भारत संदेश

झूंसी। सिविल लाइन्स निवासी अमित कोहली ने झूंसी के राजेश्वरी प्रसाद पांडेय पर गंभीर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए झूंसी थाना में एक करोड़ 30 लाख की ठगी का मुकदमा दर्ज कराया है। मैकनो एसोसिएट के मालिक अमित कोहली ने बताया कि राजेश्वरी प्रसाद पांडेय ने खुद को स्क्रैप विक्रेता बताया और इंडियन ऑयल कॉपोरेशन जैसी बड़ी कंपनियों से स्क्रैप के टेंडर होने का झांसा दिया। इस विश्वास पर अमित ने दिसंबर 2019 से लेकर 2020 तक राजेश्वरी प्रसाद के खाते में लगभग 1.10 करोड़ रुपये बैंक ट्रांसफर (आरटीजीएस) के माध्यम से जमा किए। शिकायत के अनुसार, जनवरी 2020 में राजेश्वरी ने 41.41 लाख और 41.94 लाख रुपये का स्क्रैप दिया, लेकिन बाद में 31 लाख रुपये लेने के बावजूद स्क्रैप की आपूर्ति नहीं की। इसके बाद, जब कई प्रयास किए गए, तो सिर्फ 10 लाख रुपये वापस किए गए। राजेश्वरी ने कोरोना महामारी का बहाना बनाकर और वक्त लिया। अगस्त 2020 में, राजेश्वरी ने एक और बड़ा झांसा देते हुए कहा कि उसके पास दो नए टेंडर हैं और और पैसा देने पर पिछला बकाया चुकता कर देगा। इस विश्वास पर अमित ने 1.01 करोड़ रुपये और दिए, लेकिन बाद में पता चला कि वह टेंडर किसी और को बेच चुका है। अमित ने बताया कि अब तक उन्हें सिर्फ 67 लाख रुपये वापस मिले हैं और 1.31 करोड़ रुपये हड़प लिए गए हैं। जब उन्होंने बाकी पैसे की मांग की, तो राजेश्वरी ने जान से मारने और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। अमित कोहली ने पुलिस से इस मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज कर राजेश्वरी प्रसाद पांडेय के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

जिलाधिकारी नें विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा की

युद्ध स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाये जाने के दिए निर्देश

प्रयागराज। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को प्रभारी चिकित्सा अधीक्षकों को ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, पंचायत भवनों एवं सभी ग्रामों में व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने नगर स्वास्थ्य अधिकारी से बाढ़ से प्रभावित हुए क्षेत्रों का भ्रमण कर साफ-सफाई, एण्टीलार्वा छिड़काव, फागिंग, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव व अन्य व्यवस्थायें सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने जिला पंचायतीराज अधिकारी से ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव वाले केन्द्रों व घरों से निकलकर इकट्ठा होने वाले निकलने वाले पानी के स्रोतो की साफ-सफाई व गोबर, प्लास्टिक वेस्ट व कूड़े के ढेरो को साफ कराये जाने के लिए अभियान चलाने के लिए कहा है। उन्होंने प्रत्येक खण्ड विकास अधिकारी से प्रत्येक दिन तीन गांव का निरीक्षण कर बारिस के बाद ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ बनाये जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने जिला मलेरिया अधिकारी से डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, चिकन गुनिया की विगत वर्ष की स्थिति की विस्तार से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने डेंगू, मलेरिया से अबतक प्रभावित होने वाले लोगो के बारे में जानकारी लेते हुए आगामी बैठक में सभी खण्ड विकास अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने सीएमओ, जिला पंचायतराज अधिकारी को समन्वय बनाकर फील्ड विजिट करते हुए युद्ध स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, सीएमओ डॉ. आशु पाण्डेय, जिला मलेरिया अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग व अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

गुजरात हाई कोर्ट की चीफ जस्टिस के खिलाफ याचिका खारिज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा- परेशान करने के लिए दायर की गई

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुजरात हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। सुनीता अग्रवाल इलाहाबाद हाईकोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रही हैं, जो इस समय गुजरात एचसी की चीफ जस्टिस हैं।जस्टिस राजीव गुप्ता और जस्टिस सुरेंद्र सिंह-ककी पीठ ने याचिका को तुच्छ, परेशान करने वाली, गैर-जिम्मेदाराना और गलत धारणा वाली करार दिया। हाईकोर्ट ने कहा- संस्थान के समुचित कामकाज के हित में इस तरह के आवेदनों को हर तरह से हतोत्साहित किया जाना चाहिए।

दलीलें पेश करने की अनुमति दिए बिना रिट खारिज करने के आरोप

याची एडवोकेट अरुण मिश्रा का कहना था कि साल 2020 में उनके द्वारा दायर एक रिट याचिका को जस्टिस सुनीता अग्रवाल की खंडपीठ ने अपनी दलीलें पेश करने की अनुमति दिए बिना खारिज कर दिया था। साथ ही 15 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया था।

अरुण मिश्रा एक अन्य आदेश से भी व्यथित थे

अरुण मिश्रा 23 फरवरी 2021 को जस्टिस सुनीता अग्रवाल की अगुवाई वाली खंडपीठ द्वारा पारित एक अन्य आदेश से भी व्यथित थे। जिसमें एक मामले में वह याचिकाकर्ता की ओर से पेश हो रहे थे, जिसे अभियोजन के अभाव के कारण खारिज कर दिया गया था। उन्होंने तर्क दिया कि यह आदेश जानबूझकर पक्षपातपूर्ण तरीके से पारित किया गया था, जिसका उद्देश्य उन्हें परेशान करना और नुकसान पहुंचाना था, जो वास्तव में अपने कोर्ट की अवमानना के समान है।

पहले भी महाधिवक्ता कार्यालय में शिकायत की थी

हाईकोर्ट ने अरुण मिश्रा की दलील में कोई गुण नहीं पाते हुए याचिका को खारिज करते हुए कहा कि किसी भी तरह से जस्टिस सुनीता अग्रवाल का कृत्य और आदेश पारित करने का आचरण अधिनियम में परिभाषित 'आपराधिक अवमानना' के दायरे में नहीं आता है।हाईकोर्ट ने कहा- न्यायालय ने इस तथ्य पर भी ध्यान दिया कि एडवोकेट अरुण मिश्रा ने पहले भी जस्टिस सुनीता अग्रवाल के खिलाफ आपराधिक अवमानना ??कार्यवाही शुरू करने के लिए यूपी के महाधिवक्ता कार्यालय में शिकायत की थी। हालांकि, उक्त आवेदन 7 मई 2024 को खारिज कर दिया गया था।

डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता में मऊ आजमगढ़ की टीम फाइनल में शानदार जीत दर्ज की

करछना। विकास खंड करछना ग्राम पंचायत पुरैनी हासिमपुर में डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके आयोजक धीरज पटेल और अजय पटेल ने शानदार प्रतियोगिता आयोजित की ,प्रतियोगिता का उद्घाटन सांसद श्री उज्जवल रमन सिंह ने किया दोपहर लगभग 12 बजे किया,फाइनल मैच रात्रि लगभग 1 बजे मऊ (आजमगढ़) और करेहा की टीमों के मध्य खेला गया जिसमें मऊ की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए करेहा को हराकर फाइनल अपने नाम किया पुरस्कार वितरण समारोह में प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्री सुरेश पाण्डेय जी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को बढ़ावा देने की बात कही साथ ही साथ विजेता व उप विजेता को ट्रॉफी व कैश पुरस्कार प्रदान किया इस अवसर पर श्री पीतांबर लाल पटेल ,राम सनेही पटेल , अशर्फी लाल पटेल , सनत पाण्डेय विमलेश पाण्डेय,राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय अवधेश पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी व खेल प्रेमी मौजूद रहे। अंत में आयोजक धीरज पटेल ने सभी आए हुए खिलाड़ियों ,दर्शकों व टूनार्मेंट के सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

शिवप्रसाद यादव बने चिकित्सालय विकास समिति के सदस्य

नैनी। बीपीसीएल इम्प्लाइज यूनियन के पूर्व अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव को नैनी स्थित कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय की चिकित्सालय विकास समिति का सदस्य नामित किया गया है। बता दें कि चिकित्सालय विकास समिति, चिकित्सालय के आधारभूत संरचना के विकास और सुदृढीकरण, चिकित्सकीय उपकरणों के खरीददारी समेत कई विकास कार्य करती है। शिव प्रसाद यादव को चिकित्सालय विकास समिति का सदस्य नामित किए जाने पर सपा नेता धनराज मौर्य, सुरेश प्रसाद वर्मा, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, आरडी मुखर्जी, लाल मणि यादव, अजय निषाद, कुलदीप जाटव, वंशी लाल यादव, आलोक प्रजापति समेत कई लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और सांसद उज्ज्वल रमण सिंह का आभार व्यक्त किया।

फंदे पर लटकता मिला पीपीजीसीएल का सिक्योरिटी सुपरवाइजर

बारा/शंकरगढ़। पावर जेनरेशन कंपनी बारा पॉवर प्लांट में बतौर सिक्योरिटी सुपरवाइजर कार्यरत दिलीप सोनकर (27) पुत्र गंगाराम सोनकर का शव फांसी के फंदे पर पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंखे के चुल्ले के सहारे लटक रहे शव को नीचे उतारा और चीरघर भेजा। इस घटना की जानकारी सोमवार सुबह सात बजे उस समय हुई, जब दिलीप सोनकर ड्यूटी पर नहीं पहुंचा था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक बांदा जनपद के थाना जिल्ला, ग्राम लोमर निवासी दिलीप सोनकर (27) पुत्र गंगाराम सोनकर पीपीजीसीएल में बतौर सिक्योरिटी सुपरवाइजर कार्यरत था। वह पावर प्लांट परिसर के अंदर स्थिति आवासीय एरिया के ब्लाक एफएच 4बी में रहता था। सोमवार को सुबह उसे छह बजे ड्यूटी पर पहुंचना था, लेकिन वह नहीं पहुंचा। दिलीप के ड्यूटी पर नहीं पहुंचने के कारण शिफ्ट इंचार्ज पंकज कुमार ने आदमी को भेजकर उसके आवास पर पता करवाया। अंदर से कोई प्रतिक्रिया मिलने पर लोगों की आशंका बढ़ती गई। इसके पश्चात दरवाजा तोड़कर लोग अंदर दाखिल हुए तो अंदर फंदे के सहारे दिलीप सोनकर का शव लटक रहा था। इसके बाद शिफ्टइंचार्ज पंकज कुमार ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर आई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर चीरघर भेजा। मृतक के कान में ईयरफोन लगा मिला।मोबाइल पास में ही पड़ा था। पुलिस ने मोबाइल को जांच के लिए ले लिया है। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। दिलीप सोनकर के पिता गंगाराम सुनकर पुलिस विभाग में उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। मौजूदा समय में वह पुलिस लाइन में तैनात हैं। इस घटना से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर एसीपी बारा संतलाल सरोज ने मौका मुआयना किया। फील्ड यूनिट ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किया।

ट्रेन से कटकर महिला और दो साल के बेटे की मौत

सैदाबाद। गंगानगर के हंडिया थाना क्षेत्र के सैदाबाद रेलवे स्टेशन के पास में ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला और उसके दो वर्षीय बेटे की मौत हो गई। महिला स्टेशन के पास ही रेलवे ट्रैक पार कर रही थी। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही शव को सुपुर्दे खाक कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार हंडिया थाना क्षेत्र के भदवां गांव निवासी फूल मोहम्मद सैदाबाद में नाई का काम करता है। उसके बेटे की तबीयत खराब थी। इस पर उसकी पत्नी सोना बेगम (28) अपने दो वर्षीय बेटे तालिब को लेकर सैदाबाद कस्बे के पास अपने समुदाय के एक धर्मगुरु से नजर उतरवाने गई थी। नजर उतरवाने के बाद महिला पैदल ट्रैक पार कर रही थी। रेल ट्रैक पार करते समय एक साथ दो ट्रेनें दोनों पटरियों पर आ गईं। यह देखकर महिला घबरा गई और ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसे में मां और बेटे दोनों की मौत हो गई। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना उसके पति और घरवालों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और शव को घर लेकर चले गए। बिना पोस्टमार्टम कराए शव को सुपुर्दे खाक कर दिया।

न्यूज झरोखा

दीक्षा आरंभ कार्यक्रम में छात्रों ने आदर्श नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण हेतु संकल्प लिया



नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में नव प्रवेशित छात्रों हेतु दीक्षा आरंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन महेन्द्र अरोरा ने सभी छात्रों को दीक्षा प्रदान करते हुए उन्हें एक आदर्श व्यक्ति बनकर राष्ट्र निर्माण हेतु योगदान प्रदान करने हेतु संकल्प भी दिलवाया। इस अवसर पर सभी को अवगत कराया गया कि इस संस्थान का उद्देश्य युग मानव निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थापित करना है जो एक आदर्श कौशल विकास कार्यक्रम द्वारा ही संभव है। कौशल विकास कार्यक्रम को बनाना है, जिससे भारत द्वारा विश्वगुरु के रूप में विश्व में शान्ति, एकता व समृद्धि की स्थापना की जा सके। इस अवसर पर मुख्य रूप से संस्थान की ट्रस्टी महेंद्र अरोड़ा मा.साकिब, कौसर खान सहित आदि लोग उपस्थित रहे। सभी अथितिजनों ने छात्रों को बैग, टी शर्ट, परिचय पत्र एवं शैक्षणिक सामग्री वितरित कर उन्हें उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान कर प्रोत्साहित किया।

मानस रामलीला समिति नैनी की पत्रिका का विमोचन किया गया

नैनी। नैनी क्षेत्र में मानस रामलीला समिति द्वारा जारी पत्रिका का विमोचन उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री प्रयागराज के गौरव केशव प्रसाद मौर्य द्वारा लखनऊ आवास पर किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को मानस रामलीला समिति नैनी द्वारा आयोजित रामलीला मंचन कार्यक्रम हेतु आमंत्रण पत्र दिया गया। मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने बताया कि कमेटी के सभी लोगों को उपमुख्यमंत्री ने शुभकामनाएं दिए। इस अवसर पर समिति के संयोजक वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव, अध्यक्ष धीरेंद्र यादव (धीरू) महामंत्री नयन कुशवाहा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं विरेन्द्र शर्मा उपाध्यक्ष राज सिंह कोषाध्यक्ष प्रदीप तिवारी पार्षद सुरेंद्र यादव, पार्षद पंकज जायसवाल, मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

भोजपुरी फिल्म के डायरेक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

फिल्म में हीरो बनने के नाम पर लिए थे चार लाख, मुकदमा दर्द होते ही पिता को मिल रही धमकी, पिता ने बताया हीरो बनाने के नाम पर की गई है ठगी

प्रयागराज। भोजपुरी फिल्म में हीरो का रोल दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। प्रयागराज का युवक कई फिल्मों में छोटे रोल कर चुका है। आरोप है कि भोजपुरी फिल्म के डायरेक्टर और अन्य फिल्म मेकर ने युवक के पिता से वादा किया कि वह फिल्म में उसे हीरो का रोल देंगे।इसके एवज में फिल्म में 4 लाख रुपए लगवा लिए। अब न फिल्म शुरू हुई न बेटा हीरो बना। ऐसे में बुजुर्ग ने रुपए वापस मांगे तो उसे धमकी दी गई। फिल्म से जुड़े लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू हुई है। धूमनगंज थाना क्षेत्र के जयरामपुर पटपर के रहने वाले विजय कुमार वर्मा ने एफआईआर दर्ज कराई है कि भोजपुरी फिल्म डायरेक्टर अजय गुप्ता के माध्यम से उनकी जान पहचान भोजपुरी फिल्म, मैं तेरा लाडला के प्रोड्यूसर प्रशांत कुमार और हीरो विजय कुमार गुप्ता निवासी मोहना बाजार सिद्धार्थनगर से हुई।

बुजुर्ग पिता ने कहा- लूट लिया :

बुजुर्ग विजय का आरोप है कि उनका बेटा कुमार गौरव पहले कुछ भोजपुरी फिल्मों में कार्य कर चुका है। उसकी जान - पहचान डायरेक्टर अजय गुप्ता से पहले से थी व उनके फिल्म में सह-कलाकार के रूप में अभिनय कर चुका था। उनके कहने पर विजय वर्मा और उनका बेटा मैं तेरा लाडला फिल्म में कार्य करने के लिए तैयार हो गया।

प्रयागराज में हो चुकी फिल्म की शूटिंग :

प्रयागराज के कई इलाकों में इस फिल्म की शूटिंग हुई। बातचीत के दौरान प्रशान्त कुमार जो रियल एस्टेट का व्यवसाय भी करते हैं। प्रशांत ने कहा कि विजय गुप्ता के सहयोग से वह उनके बेटे को अगली फिल्म में हीरो के रूप में लेंगे। इसके बदले विजय गुप्ता को चार लाख रुपए देने होंगे।प्रशांत के झांसे में आकर विजय वर्मा ने विजय गुप्ता को चार लाख रुपए ऑनलाइन दे दिए। यह भी कहा गया था कि फिल्म से जो मुनाफा होगा आधा-आधा बांट लिया जाएगा। कुछ दिनों के बाद विजय ने प्रशान्त कुमार से फिल्म के निर्माण को लेकर बात की तो आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने का हवाला दिया गया। उनसे और रुपए लगाने को कहा गया।इसके बाद विजय वर्मा का शक होने लगा। मोबाइल फोन के माध्यम से रुपए वापस मांगने की बात की गई तो गालीगलौज और धमकी दी जाने लगी। परेशान विजय वर्मा ने सिविल लाइंस थाने में तहरीर दी। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने फिल्म से संबंधित वीडियो, डिटेल मांगी है।

कृषि विभाग के प्रचार वाहन को एसडीएम बारा ने दिखाई हरी झंडी

पराली को जलाए नहीं, बना लें खाद इससे लाभ आपको ही मिलेगा-उप जिलाधिकारी

जसरा। सोमवार को फसल अवशेष प्रबंधन हेतु कृषि विभाग द्वारा प्रचार प्रसार किया गया, उप जिला अधिकारी बारा जयजीत कौर ने किसान प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन से प्रथम दिन गांव गांव जाकर प्रचार प्रसार किया गया जिसमे सेहुडा, बारा खास, घुरमी, पिपराव, राम नगर, रेही, बैजला, असरवई आदि रहें। साथ ही सभी किसान भाइयों को सूचना तथा प्रचार के माध्यम से बताया गया कि पराली को ना जलाएं, बल्कि इसका खाद बनायें और कृषि विभाग द्वारा कृषि यंत्र इन सी टू योजना जो की 80% सब्सिडी पर दिए जाते हैं। जिससे पराली का प्रबंध किया जा सकता है, और अपने खेत को मजबूत बनाया जा सकता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कृषि विभाग के जयवीर सिंह,मुकेश कुमार कुशवाहा सहित अन्य कृषक गण मौजूद रहे।

पुलिस ने इनामिया बदमाश को दबोचा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल की पुलिस लगातार शातिर अपराधियों पर बड़ी कार्यवाही कर रही है। नगर कोतवाली की पुलिस ने गैंगस्टर के 25 हजार इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया। बता दें कि प्रतापगढ़ एसओजी के प्रभारी सुनील यादव एवं नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह की पुलिस टीम ने कोतवाली क्षेत्र के कुसमी रेलवे फाटक के पास से भ्रमण के दौरान यह गिरफ्तारी की है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम हिमांशू पांडेय पुत्र लक्ष्मीकांत पांडेय बताया जा रहा है। हिमांशु पर क्षेत्र में बड़ी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर आम जनमानस में दहशत एवं खौफ का फैलाने वाले का आरोप था।

जनपद न्यायाधीश ने जिला कारागार में आँवला प्रसंस्करण केन्द्र का किया शुभारम्भ

डीजे, डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद, मुख्य न्यायिक मजिस्टेट्ट अर्चना तिवारी, जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार एवं अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पंवार ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का स्थलीय निरीक्षण कर बंदियों की समस्याओं को सुना एवं जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जनपद न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने बैंरकों का निरीक्षण कर बन्दियों से जानकारी ली कि सभी व्यवस्थायें जिला कारागार में मिल रही है कि नही तो बन्दियों द्वारा बताया गया कि सभी व्यवस्थायें बराबर मिल रही है। जिला कारागार में बने अस्पताल के निरीक्षण में 12 मरीज भर्ती थे जिनके स्वास्थ्य, दवाओं व भोजन की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तो भर्ती मरीजों द्वारा बताया गया कि दवा, भोजन आदि की सुविधायें समय से मिल रही है। इस दौरान जिला कारागार में लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया गया। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश द्वारा कारागार में स्थापित जिला कारागार प्रतापगढ़ आंवला प्रसंस्करण केंद्र आंवलाकृति का फीता काटकर उद्घाटन किया गया तथा बंदियों द्वारा निर्मित आंवला उत्पाद, आंवला जूस, आंवला अचार, आंवला मुरब्बा, आंवला बर्फी इत्यादि का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी, जेलर अजय कुमार सिंह, चिकित्साधिकारी डॉ प्रवीन रंजन, डिप्टी जेलर आफताब अंसारी, ध्रुव नारायण श्रीवास्तव, शारदा देवी, फार्मासिस्ट केसरीनंदन व सुधीर कुमार आदि उपस्थित रहे।

आंवला प्रसंस्करण केन्द्र का फीता काटकर शुभारंभ करते जनपद न्यायाधीश।

कार्यशाला में मौजूद अतिथिगण।

मशरूम उत्पादन पर दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज कलाकांकर प्रतापगढ़ में हो रहे दो दिवसीय इस कार्यशाला के सोमवार को समापन पर विशेष अतिथि डॉ विवेक सिंह एसोसिएट प्रोफेसर पादप रोग विज्ञान विभाग आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या रहे। इस कार्यशाला में डॉक्टर सिंह ने बताया कि मशरूम जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका रखता है तथा मशरूम से संबंधित सभी उसके उत्पाद अचार पापड़ तथा अन्य उत्पादों के बारे में जानकारी दी। मशरूम में लगने वाली सभी बीमारियों के निवारण के बारे में भी तथ्य साझा की। इस कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालक कृषि संकाय के प्रवक्ता श्री रंजीत कुमार पटेल के द्वारा किया गया तथा इस विशेष मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो शिवम श्रीवास्तव, प्रो रामकरण तथा कृषि संकाय प्रभारी अनिल कुमार सिंह, आशुतोष कुमार, नासिर जिलानी एवं फरहान सईद, अब्दुल रज्जाक, डॉ उमा सिंह, नवल किशोर आदि लोग उपस्थित रहे।

हिन्दू मंदिरों से सरकारी नियंत्रण हटे, ट्वीट पर छिड़ी नई बहस

अखिल भारत हिंदू महासभा के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ने किया समर्थन

अखंड भारत संदेश

कुण्डा, प्रतापगढ़। हिंदू मंदिरो पर सरकारी नियंत्रण पर राजा भैया के ट्वीट से एक नई बहस छिड़ गयी है। तिरुपति मंदिर के प्रसादों में मिलावट के मामले के बाद राजा भैया ने एक्स पर लिखा कि हिंदू मंदिरों पर से सरकार को अपना नियंत्रण हटा लेना चाहिए जिस पर अखिल भारत हिंदू महासभा के पूर्वांचल राज्य के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक पांडे कहा कि राजा भैया के इन विचारों पर सरकार को गंभीरता पूर्वक सोचना और मंथन करना चाहिए और हिंदू मंदिरो से सरकारी नियंत्रण हटना ही चाहिए।

उन्होंने कहा कि जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कुंडा के विधायक राजा भैया ने जिस बेबाकी से इस गंभीर मुद्दे पर सहजता से अपनी बात कही है वो निश्चित ही देश के हिंदू नेताओं के लिए सबक लेने वाला विषय है। इस पर बात करते हुए अभिषेक पांडे ने कहा की क्या किसी सरकार मे अन्य धर्मो के पवित्र स्थलों पर नियंत्रण करने का साहस है और नही तो हिंदू मंदिरो पर ही क्यू है। राजा भैया का ये बयान स्वागत योग्य है और इस पर देश के हिंदू नेताओं को अपना स्पष्ट दृष्टिकोण रखना चाहिए और इसके पक्ष मे माहौल बनाने की जरूरत है। ट्वीटर हैंडल पर राजा भैया के संदेश के बाद इस विषय पर बहस को आगे बढ़ाने की नितांत आवश्यकता है कि देश के हिंदू मंदिरो पर सरकारी नियंत्रण कितना उचित है क्या किसी दूसरे विकल्पों पर सोचने का समय आ गया है।

कुण्डा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया।

चोरी की बाइक और मोबाइल के साथ वाहन चोर गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

कुण्डा, प्रतापगढ़। संग्रामगढ़ पुलिस ने थाना क्षेत्र के लखपेड़ा बाजार से एक युवक को हिरासत मे लिया जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की तीन मोटर सायकिल और छह इंद्रयाइड मोबाइल फोन बरामद किया है। पकडा गया आरोपी मानिकपुर थाना क्षेत्र के सहिजनी का रहने विषय रमेश यादव है जिस पर प्रतापगढ़ और रायबरेली मे आपराधिक मामले दर्ज है। उप निरीक्षक अमित सिंह, उप निरिक्षक विनय वर्मा, कांस्टेबल केवल साहू, कांस्टेबल मनदीप सिंह, कांस्टेबल धनंजय श्रीवास्तव आदि ने उक्त वाहन चोर को पकड़ा है, गिरफ्तारी के बाद कई अन्य अपराधों की कुंडली खुलने की संभावना जताई जा रही है।

निबंध प्रतियोगिता में प्रियांशी मिश्रा रही प्रथम स्थान पर

जीजीआईसी में वायु प्रदूषण पर हुई निबंध प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में जिलाधिकारी संजीव रंजन व एएन प्रसाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी व ओमकार राणा जिला विद्यालय निरीक्षक के कुशल संरक्षण में स्वास्थ्य विभाग द्वारा वायु प्रदूषण पर निबंध प्रतियोगिता गीता प्रधानाचार्य एवं डॉक्टर मोहम्मद अनीस उप प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के कुशल नेतृत्व में कराई गई।

निबंध प्रतियोगिता का मुख्य विषय समझदार बने, वायु प्रदूषण से बचे रहा। मुख्य अतिथि रंजीत बहादुर यादव डीपीएम, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर विंध्याचल सिंह प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज, रामपुर प्रतापगढ़, डॉ श्याम भार्गव, एसीएमओ आकाशदीप, अर्बन कोऑर्डिनेटर आदि रहे। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रथम पांच स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया जिनमें प्रथम स्थान पर प्रियांशी मिश्रा, द्वितीय स्थान पर प्रतिमा मौर्य, तृतीय स्थान पर फिजा बानो, और सांत्वना में निधि सोनी एवं प्रिंसी सिंह रही। इस अवसर पर छात्राओं को बताया गया कि यदि आपको वायु प्रदूषण के दौरान आपको आंखों में जलन, सीने में जलन, सांस लेने में दिक्कत, आदि के लक्षण प्राप्त हो रहे हो तो तत्काल अपनी चिकित्सक से परामर्श लें। इस अवसर पर मंजू कुशवाहा, सविता सिंह, उम्र जमील, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, यादव मीरा आदि उपस्थित रहे।

प्रमाण पत्र के साथ छात्राएं व शिक्षकगण।

एसडीएम सदर बने शैलेन्द्र वर्मा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने तीन उप जिलाधिकारियों को इधर से उधर किया है जिसमें प्रमुख रुप से सदर एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा को बनाया है। यह पहले भी सदर के एसडीएम रह चुके हैं। लालगंज में नन्सी सिंह को लालगंज का एसडीएम बनाया गया है। इसके अलावा एसडीएम उदयभान सिंह को डीएम कार्याल्य से सम्बद्ध किया गया है।

बच्चों से भरी स्कूली बस को एआरटीओ ने पकड़ा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अंतू थाना क्षेत्र के गड़वारा बाजार के पास बच्चों से भरी स्कूली बस को एआरटीओ प्रवर्तन ने पकड़कर कार्यालय ले गये जिसे लेकर एआरटीओ कार्यालय में घंटों हंगामा हुआ। इस दौरान एआरटीओ कार्यालय में घंटो खड़ी बस में भूख और प्यास से स्कूली बच्चे तड़प गये। हंगामे के बाद स्कूली बच्चों को उनके परिजनों को सौंपा गया। बता दें कि बिहारगंज के एक स्कूल की बस स्कूली बच्चों को छोड़ने जा रही थी। इसी दौरान वाहन चेकिंग के दौरान एआरटीओ प्रवर्तन ने बस के कागजात पूरी न होने पर बस को कब्जे में ले लिया और बस में मौजूद छात्र-छात्राओं को बस के साथ एआरटीओ कार्यालय लेकर चले गये। इस बात की जानकारी जब छात्र-छात्राओं के परिजनों को हुई तो वह लोग एआरटीओ कार्यालय पहुंच गये और वहां पर हंगामा करने लगे। इस दौरान स्कूल प्रशासन द्वारा बार-बार बच्चों को छोड़ने का आग्रह किया गया लेकिन कोई असर नहीं हुआ। इस मामले को लेकर स्कूल प्रशासन ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की है।

प्रसादम में चर्बी की मिलावट सनातन से जुड़े लोगों की आस्था के साथ आघातः प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि तिरूपति मंदिर के प्रसादम लडडू में मवेशी की चर्बी मिलने को देश के करोड़ों सनातन धर्म से जुडे भक्तों की आस्था पर गहरा आघात करार दिया है। इसकी जांच होनी चाहिये।

लालगंज में सोमवार को मीडिया से बातचीत करते हुए राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह एनीमल चर्बी मिलावट मंदिर के साथ बाजार में भी खाद्यान्न पदार्थो में उपलब्ध होने का तथ्य सामने आ रहा है। इसके पहले राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन किया। यहां उन्होनें क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा स्वीकृत करायी गयी पर्यटन से जुड़ी विकास परियोजनाओं के संचालन की प्रगति को भी देखा। राजातारा गांव में राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने संस्कृत विद्वान पं. हरिहरपाल त्रिपाठी की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। लालगंज कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की भी उन्होनें सुनवाई की। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल आदि रहे।

पं0 हरिहरपाल त्रिपाठी की स्मृति को नमन करते सांसद प्रमोद तिवारी।

तेज रफ्तार डीसीएम व बाइक में भिड़ंत, तीन घायल

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नगर कोतवाली क्षेत्र के चिलबिला चैराहे का सोमवार की भोर में अनियंत्रित बाइक डीसीएम के नीचे जा घुसी जिससे बाइक सवार युवक डीसीएम के नीचे फंस गये। सूचना मिलने पर मौके पर चिलबिला चैकी एसआई सचिन यादव हमराहियों के साथ पहुँचे। पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से डीसीएम में फंसे बाइक सवार युवकों को बाहर निकालया गया। घायल बाइक सवार को पुलिस ने 108 एंबुलेंस से जिला मेडिकल कालेज में ले जाया गया जहां पर हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्रयागराज के लिये रेफर कर दिया। घायल बाइक सवार अमित तिवारी उर्फ कल्लू तिवारी उम्र (35) वर्ष पुत्र रमेशचंद्र तिवारी, अमित मिश्रा उम्र (34) वर्ष बीडीसी, आदर्श मिश्रा उम्र (17) वर्ष पुत्र लालजी मिश्रा घायल युवक निवासी तिवारीपुर कला चेरा का पुरवा किशुनगंज कंधई थाना अंतर्गत बताये जा रहे हैं। बता दें कि ये तीनों लोग घर से इंटरसिटी पकड़ने के लिए बाइक से चिलबिला स्टेशन जा रहे थे तभी यह हादसा हो गया।

स्कूली बच्चों को नगर पालिका ने सफाई के लिये किया जागरुक

सफाई के लिये बच्चों को दिलाई शपथ

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। भारत मिशन शहरी संयुक्त रूप से 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक वार्षिक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसकी थीम स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता है। स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत नगर पालिका बेला द्वारा अजीत नगर वार्ड के प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को श्रमदान, स्वच्छता प्रतिज्ञा, युवा संपर्क, स्वच्छता संवाद, मैराथन, घर-घर जागरूकता, सेल्फी प्वाइंट, एक पेड़ मां के नाम आदि कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इसमें संतोष कुमार सिंह सफाई एव खाद्य निरीक्षक नगर पालिका द्वारा बच्चों को सूखा कूड़ा गीला कूड़ा के बारे में बताया गया एवम साफ सफाई संचारी रोग, सुख कूड़ा गीला कूड़ा को अलग-अलग दिए जाने लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर डॉक्टर प्रवीन रंजन नगर स्वास्थ्य अधिकारी, संतोष कुमार सिंह सफाई खाद्य निरीक्षक, अनिल सिंह, सभासद अजीत नगर वार्ड, मरियम खातून प्रधानाचार्या, मनोज कुमार पांडेय, नगर अध्यक्ष, सफाई प्रभारी अजीत कुमार सरोज व समस्त सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

बच्चों को सफाई की शपथ दिलाते नगर पालिका के अधिकारी।

किशोरी के छेडछाड़ का केस दर्ज

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने छेडछाड की घटना को लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीडिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि तेरह सितंबर की रात जलेशरगंज निवासी आरोपी वकील पुत्र बवई ने उसके घर में घुसकर उसकी पन्द्रह वर्षीया पुत्री के साथ जबरन छेडछाड करने लगा। शोर मचाने पर आरोपी धमकी देते भाग निकला। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

राहुल गांधी पर भड़काऊ भाषण लोकतंत्र के लिये उचित नहीं

जिलाधिकारी कार्यालय में कांग्रेसजनों ने सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। कांग्रेसजनों ने पिछड़ा वर्ग विभाग के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में एक ज्ञापन राष्ट्रपति को संबोधित जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। उसके उपरांत एक बैठक जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय, इंदिरा भवन, प्रतापगढ़ में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी व संचालन पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने किया।

अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी ने कहा कि नफरत छोड़ो, भारत जोड़ो का पैगाम देने वाले, सामाजिक न्याय के योद्धा राहुल गांधी के साथ देश का पिछड़ा, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक समाज एकजुटता के साथ खड़ा है। ऐसे में नफरती और भड़काऊ, उकसाने वाले बयान राहुल गांधी के विरुद्ध साजिश है, जिसे किसी कीमत पर स्वीकार नही किया जा सकता। संचालन कर रहे कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा ने कहा कि बीजेपी और उसके सहयोगी दल के नेताओं द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व सांसद राहुल गांधी के खिलाफ भड़काऊ और उकसाने वाले भाषण देना स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, सुनीता सिंह पटेल, वेद तिवारी, संजय पांडेय, चरण सिंह यादव, संतोष शर्मा, बहादुर पटेल, मो0 दिलशाद, राम अंजोर गोंड़, रविन्द्र वर्मा, अर्पित पटेल, विशाल कुमार, रोहित चैधरी, सुनील पटेल, देवेंद्र कुमार पटेल, कैलाश पटेल, ओम प्रकाश, बृजेश कुमार, श्रीराम वर्मा, रहमान नेता, राम कुमार, पवन विश्वकरमा, दिनेश कुमार, मो0 इदरीश सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

सीडीओ ने किया औचक निरीक्षण, शासकीय योजनाओं की खंगाली हकीकत

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दिव्या मिश्रा ने सोमवार को स्थानीय लालगंज ब्लाक का औचक निरीक्षण किया।

वही सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक में विकास योजनाओं के संचालन की समीक्षा भी की। सीडीओ दोपहर बाद अचानक ब्लाक मुख्यालय पहुंची। उन्होनें ब्लाक परिसर में साफ सफाई तथा मॉडल तालाब का अवलोकन किया। ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज ने सीडीओ का प्रधानों व बीडीसी सदस्यों के साथ बुकें प्रदान कर स्वागत किया।

सभागार में सीडीओ ने ग्रामीण विकास से जुडे कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होनें अधिकारियों व कर्मचारियों को गांवों में संचालित विकास कार्यक्रमों मे तेजी के साथ गुणवत्ता बरतने को कहा। वहीं उन्होनें कहा कि गांव के औचक निरीक्षण में योजनाओं के समयबद्ध संचालन न दिखने पर जिम्मेदार के खिलाफ कडी कार्रवाई सुनिश्चित होगी। ब्लाक प्रमुख के साथ क्षेत्रीय प्रधानों ने सीडीओ को विकास योजनाओं मे ग्रामवार प्रगति से अवगत कराया।

इस मौके पर जिला विकास अधिकारी एस कृष्णा, परियोजना निदेशक दयाराम यादव, डीपीआरओ श्रीकान्त दरवे, जिला कृषि अधिकारी आलोक कुमार, सीडीपीओ उदय तिवारी, प्रधान विद्युत कुमार मिश्र, दिनेश बहादुर सिंह, रमेश प्रताप सिंह, देवदत्त शुक्ला, आलोक गुप्ता, देवनाथ पाण्डेय, जेपी, ओमप्रकाश आदि रहे।

जमीनी विवाद को लेकर पुलिस की मौजूदगी में चले ईट पत्थर

पांच महिलाओं का शांति भंग में हुआ चालान

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। जमीनी विवाद को लेकर लीलापुर थाने के बोझवा गांव में पुलिस की मौजूदगी में दो पक्षों में सिर फुटौवल हो गया। बोझवा गांव में मो. मोबीन का बगल के मो. इकरार से जमीन को लेकर कई महीने से विवाद बना हुआ है। सोमवार को मो. मोबीन विवादित जगह पर निर्माण कराने लगे। दूसरे पक्ष ने इसका विरोध किया। मो. इकरार ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर हलके के दरोगा व राजस्वकर्मियों पर पक्षपात का आरोप लगा रखा था। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने तहसीलदार को स्वयं राजस्व निरीक्षक के साथ स्थलीय एवं अभिलेखीय जांच कर समाधान कराने का निर्देश भी दे रखा था। एक पक्ष का आरोप है कि इलाकाई दरोगा ने निर्माण कार्य को लेकर दो पुलिसकर्मी वहां तैनात कर दिये। इसकी शिकायत मो. सिकंदर ने एसडीएम तथा सीओ से सोमवार को की। इस पर एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक को मौके पर पहुंचने के फोनिक निर्देश दिये। निर्माण कार्य न रूकने पर विरोध करने वाले पक्ष की महिलाएं पहुंचकर विरोध जताने लगी। इसी बात को लेकर वहां ईट पत्थर चल गये। सूचना मिलने पर महिला पुलिसकर्मियों ने पहुंचकर एक पक्ष की पांच महिलाओं को हिरासत में लेकर थाने ले आयीं। यहां उनका शांति भंग में लीलापुर पुलिस ने चालान कर दिया। ईट पत्थर में सिकंदर पक्ष की एक महिला को गंभीर चोटें भी आयी हैं। लीलापुर कोतवाल नरेन्द्र सिंह की मानें तो तहसीलदार के आदेश पर एक पक्ष निर्माण कर रहा था। दूसरे पक्ष का आरोप है कि पुलिस की सह पर न्यायालय में वाद विचाराधीन होने के बावजूद निर्माण कार्य विपक्षी के द्वारा कराया जा रहा था। मामले में सीओ रामसूरत सोनकर का कहना है कि प्रकरण की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

महिला के साथ अभद्रता व मारपीट का केस दर्ज

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। महिला के साथ अभद्रता, मारपीट व जानलेवा धमकी को लेकर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीडिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बारह सितंबर को सुबह करीब आठ बजे गांव के आशीष, बृजेश उर्फ नन्हू, लालजी व संदीप ने घर में घुसकर उसकी बहू के साथ अभद्रता किया। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने पीड़िता तथा उसकी बहू को मारापीटा। घरेलू सामानों को क्षतिग्रस्त करते हुए जानलेवा धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

डीएम ने निरीक्षण में अनुपस्थित अध्यापकों का एक दिन का वेतन रोकने एवं नोटिस जारी करने के निर्देश

जिलाधिकारी ने विकास खण्ड-कड़ा के उच्च प्राथमिक विद्यालय-दौलतपुर कसार, कम्पोजिट विद्यालय सुलतानपुर कसार, अलीपुरजीता एवं बारा हवेली का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

जिलाधिकारी ने झोपड़ी झुग्गी में निवास करने वाले व्यक्तियों से वार्ता कर उन्हें अपने बच्चों का विद्यालय में दाखिला कराने लिए कहा

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सोमवार को विकास खण्ड-कड़ा के उच्च प्राथमिक विद्यालय-दौलतपुर कसार, कम्पोजिट विद्यालय सुलतानपुर कसार, कम्पोजिट विद्यालय अलीपुर जीता एवं कम्पोजिट विद्यालय बारा हवेली का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान डिजिटल उपस्थिति रजिस्टर, अध्यापकों की उपस्थिति, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, साफ-सफाई एवं भोजन की गुणवत्ता सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा। दौलतपुर कसार के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत इ0प्रा0अ0-श्री राज कुमार प्रसाद, स0अ0 श्री अजीत सिंह एवं शि0मि0 शिवनाज अनुपस्थित पाये गयें। जबकि स0अ0 श्री भूपेन्द्र कुमार स0अ0 उपस्थित पाये गयें व स0अ0 श्री ब्रम्हा शंकर सिंह डायट मंझनपुर ट्रेनिंग में थे। विद्यालय में नामांकित कुल 128 छात्र/छात्राओं के सापेक्ष 80 छात्र/छात्रायें उपस्थित पायी गई। जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निरीक्षण में अनुपस्थित पाये गये अध्यापकों का एक दिन का वेतन रोकने एवं पायी गयी कमियों के सम्बन्ध में कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिये। इसी प्रकार कम्पोजिट विद्यालय सुलतानपुर कसार के निरीक्षण के दौरान इ0प्रा0अ0 अनिल कुमार, स0अ0 जियाउल इस्लाम, शि0मि0 श्रीमती अरुनधती अनुपस्थित पायी गईं। जबकि स0अ0 श्री वेद प्रकास चौधरी आकस्मिक अवकाश पर थे व स0अ0 हिमांशु कुमार प्रजापति डायट मंझनपुर ट्रेनिंग में थे। विद्यालय में नामांकित कुल 127 छात्र/छात्राओं के सापेक्ष 65 छात्र/छात्रायें उपस्थिति पायी गई। जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निरीक्षण में अनुपस्थित पाये गये अध्यापकों का एक दिन का वेतन रोकने तथा विद्यालय में पायी गयी कमियों के सम्बन्ध में कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिये। कम्पोजिट विद्यालय अलीपुरजीता में कुल 04 सहायक अध्यापक व 01 शिक्षामित्र कार्यरत है, सभी उपस्थिति पायें गये। विद्यालय में नामांकित कुल 151 छात्र/छात्राओं के सापेक्ष 119 छात्र/छात्रायें उपस्थित पायी गईं। जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए विद्यालय में पायी गयी कमियों को दूर कराने एवं कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये। कम्पोजिट विद्यालय बारा हवेली के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में सभी अध्यापक व शिक्षामित्र उपस्थिति पायें गये। श्री अतुल कुमार शुक्ला विद्यालय में विलम्ब से उपस्थित हुए। विद्यालय में नामांकित कुल 174 छात्र/छात्राओं के सापेक्ष 154 छात्र/छात्रायें उपस्थित पायी गई। निरीक्षण में पायी गयी कमियों को दूर कराने एवं कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। विद्यालयों के निरीक्षण के पश्चात विद्यालय के सामने झोपड़ी झुग्गी में निवास करने वाले व्यक्तियों के बच्चें बाहर खेल रहें थे, जिस पर जिलाधिकारी ने उनके अभिभावकों से वार्ता करते उन्हें अपने बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए कहा। उन्हांने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया कि इनके बच्चों का स्कूल में दाखिला करायें एवं पठन-पाठन की सभी सामग्री उपलब्ध कराकर इन्हें शिक्षा प्रदान की जाय। उन्हांने अभिभावकों को जागरूक किया कि बच्चें देश का भविष्य होते हैं, इनके भविष्य को खराब न करें, इन्हें स्कूल भेजकर इन्हें शिक्षित बनायें, जिससे वे आगे बढ़कर कुछ अच्छा करें एवं आपका और अपने देश का नाम रोशन करें।

सीएचसी कड़ा एवं सहकारी साधन समिति अलीपुर जीता का डीएम ने किया आकस्मिक निरीक्षण



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर मेनटेन न होने एवं साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक ने पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कठोर कार्यवाही करने के दिये निर्देश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कड़ा एवं सहकारी साधन समिति अलीपुरजीता का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, स्टॉक रजिस्टर एवं उपस्थिति रजिस्टर को देखा, जिसमें स्टॉक रजिस्टर मेनटेन नहीं पाया गया एवं साफ-सफाई की व्यवस्था की व्यवस्था सही नहीं थी, जिस पर जिलपाधिकारी ने कठोर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दियें। निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी डॉ0 सौम्या आनन्द, चिकित्साधिकारी डॉ0 सागर विश्वास, डेन्टिस डॉ0 अविरल अग्रवाल एवं एआरओ धीरेन्द्र कुमार सिंह अनुपस्थित पाये गये, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमओ को अनुपस्थित पाये गये अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दियें। सहकारी साधन समिति के निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थायें ठीक पायी गई।

घर जा रहे दंपत्ति पर युवक ने किया फायर पति और देवर घायल

कौशाम्बी। जिले में मामूली बहस में एक युवक द्वारा बाइक सवार दंपत्ति को गोली मारने का मामला सामने आया है। हमले में देवर को हाथ में गोली लगी है जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है वही महिला के पति भी हाथापाई में घायल हो गए है। महिला की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी हुई है। घटना कोखराज थाना क्षेत्र के परसरा चौराहे की है जहा संदीपन घाट थाना क्षेत्र के सैंता गांव से अपने पति,बीदेवर ,देवरानी के साथ बीमार पिता को देखकर वापस अपने घर मंझनपुर थाना क्षेत्र जा रही महिला शौच के लिए परसरा चौराहे के पास रुक गई, जहा शौच के दौरान एक नशे में धुत युवक जोकि भाजपा के पूर्व विधायक संजय गुप्ता का गनर बताया जा रहा है उसने मामूली बहस के बाद दंपत्ति पर रायफल से फायर कर दिया,इस दौरान दोनो में हाथापाई हों लगी,गोली चलने से महिला का पति अंबिका प्रसाद पटेल को चोट लग गई और देवर मान सिंह हाथ में गोली लगने से घायल हो गया, घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया,घटना की सूचना पर पहुंची भरवारी चौकी पुलिस ने घायलो को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा और जांच में जुट गई।

माटीकला टूल-किट्स योजनान्तर्गत लाभार्थियों का चयन साक्षात्कार 25 सितम्बर को

कौशाम्बी। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी चन्द्र शेखर वर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि उ0प्र0 माटीकला बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित माटीकला टूल-किट्स (विद्युत चालित चाक) वितरण योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 20 लाभार्थियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके सापेक्ष लाभार्थियों का चयन/साक्षात्कार दिनांक 25 सितम्बर 2024 दिन बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में उनके कक्ष में पूर्वाह्न 11 बजे होना निर्धारित है, जिन लाभार्थियों द्वारा अपना आवेदन-पत्र कार्यालय में जमा किया गया है। चयन/साक्षात्कार में ससमय भाग लेना सुनिश्चित करें। साक्षात्कार में अनुपस्थित होने की दशा में किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नही किया जायेगा।

बसुहार ग्राम का पौराणिक एवं एतिहासिक दो दिवसीय इनामी दंगल 26 व 27 सितम्बर को

कौशांबी। बसुहार का ऐतिहासिक एवं पौराणिक एवं एतिहासिक इनामी दंगल हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बसुहार ग्राम में आयोजित किया जाएगा आपको बताते चलें कि विगतवर्षों एवं पूर्व से लगने वाला इनामी दंगल इस वर्ष भी अपने निर्धारित तिथि नवमी एवं दशमी दिनांक 26 व 27 सितम्बर दिन बृहस्पतिवार से प्रारंभ होकर दूसरे दिन शुक्रवार तक रहेगा जिसकी जानकारी ग्राम प्रधान तीरथराज सिंह द्वारा दी गई है।और क्षेत्रीय पहलवानों से लेकर बाहरी पहलवानों को दंगल के इनामी कुश्ती में शामिल होने के लिए निवेदन भी किया गया है। वैसे तो बसुहार के ऐतिहासिक एवं पौराणिक दंगल में बाहरी एवं क्षेत्रीय पहलवानों का जमघट देखने को मिलता रहा है। यहां के दंगल के कुश्ती में शामिल होने के लिए क्षेत्रीय तथा बाहरी पहलवानों के साथ-साथ महिला पहलवान की भी भागीदारी रहा करती है। दंगल संचालक शीतला प्रसाद मिश्र एवं व्यवस्थापक ग्राम प्रधान तीरथराज सिंह ने बताया कि बाहरी एवं महिला पहलवानों के ठहरने की उचित तथा समुचित व्यवस्था भी कराई जाएगी।

जनपदीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का धर्मा देवी कालेज में आयोजन

अझुवा कौशाम्बी। जनपदीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन कनवार में किया गया जिसमे धर्मा देवी इंटर कॉलेज के छात्र/छात्राओं ने उच्च प्रदर्शन कर अपना दबदबा कायम रखा सर्वप्रथम मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार सिराथू संजय कुमार ने माँ शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर, फीता कर निशाना लगाकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। जिसमे अंडर 14 राइफल शूटिंग बालिका वर्ग में आकृति सिंह(धर्मा देवी) को प्रथम स्थान, पलक जायसवाल(धर्मा देवी) को द्वितीय स्थान एवम् शिखा वर्मा(धर्मा देवी) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अंडर 17 राइफल शूटिंग बालिका वर्ग में नीलू कुशवाहा(धर्मा देवी) को प्रथम स्थान, रूषमा देवी(धर्मा देवी) व आरुषि सक्सेना(धनपत्ति देवी) को संयुक्त द्वितीय स्थान तथा रीना देवी(धर्मा देवी) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी क्रम में अंडर 19 रायफल शूटिंग बालिका वर्ग में रेशमा देवी(धर्मा देवी) को प्रथम स्थान, महक सक्सेना(धनपत्ती देवी) को द्वितीय स्थान तथा मधु देवी(धर्मा देवी) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अंडर14 पिस्टल शूटिंग बालिका वर्ग में गरिमा मिश्रा(धर्मा देवी) को प्रथम स्थान, मनीषा देवी(धर्मा देवी) को द्वितीय स्थान तथा गरिमा देवी(धर्मा देवी) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, अंडर17 पिस्टल शूटिंग बालिका वर्ग में अंशिका देवी(धर्मा देवी) को प्रथम स्थान, काजल देवी(धर्मा देवी) को द्वितीय स्थान तथा अंजली(धर्मा देवी) को तृतीय स्थान मिला। इसी क्रम में अंडर19 बालिका वर्ग में पिंकी देवी(धर्मा देवी) को प्रथम स्थान, आस्था सिंह(धर्मा देवी) को द्वितीय स्थान तथा सोनाली(धर्मा देवी) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अंडर14 पीप साइड बालिका वर्ग में नंदिनी सिंह यादव(धनपत्ती देवी) को प्रथम स्थान तथा मुस्कान सिंह(धनपत्ती देवी) को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। अंडर19 पीप साइड रायफल शूटिंग बालिका वर्ग में खुशबू देवी(धर्मा देवी) को प्रथम स्थान, जया पांडेय (धनपत्ती देवी) को द्वितीय, तथा साक्षी देवी(धनपत्ती देवी) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ अंडर14 पिस्टल शूटिंग बालक वर्ग में देवेंद्र कुमार(रा.आ.प.) को प्रथम स्थान, यथार्थ तिवारी(धर्मा देवी) को द्वितीय स्थान एवम् आदित्य कुमार शर्मा(रा.आ.प.) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अंडर 17 पिस्टल शूटिंग बालक वर्ग में विजय (रा.आ.प.) को प्रथम, अनिल कुमार (रा.आ.प.) को द्वितीय तथा शांतनु मिश्रा(धर्मा देवी) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अंडर19 पिस्टल शूटिंग बालक वर्ग में राज शेखर को प्रथम स्थान, अजय कुमार को द्वितीय स्थान तथा कनिष्क साहू(धर्मा देवी) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अंडर14 रायफल शूटिंग बालक वर्ग में अश्विनी राज(धर्मा देवी) को प्रथम स्थान, अभिषेक कुमार(धनपत्ती देवी) को द्वितीय स्थान तथा अनिकेत तिवारी(धर्मा देवी) को तृतीय स्थान मिला। अंडर17 रायफल शूटिंग बालक वर्ग में सुमित कुमार मौर्य(धर्मा देवी) को प्रथम, सिद्धार्थ सिंह(धर्मा देवी) को द्वितीय स्थान तथा शिवसखा द्विवेदी(रा.आ.प.) को तृतीय स्थान मिला। इसी क्रम में अंडर19 रायफल शूटिंग बालक वर्ग में सिद्धार्थ कुमार दिवाकर(धर्मा देवी) को प्रथम, ललित कुमार यादव(दुर्गा देवी) को द्वितीय एवम् शेर सिंह(दुर्गा देवी) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि ने स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं में सफल होने के लिए आशीर्वचन दिए।इस कार्यक्रम के अवसर पर जिला खेल सचिव श्याम लाल राम सुभग त्रिपाठी (प्रबंधक धर्मा देवी) राम किरण त्रिपाठी(प्रधानाचार्य धर्मा देवी) वीरेंद्र कुमार पांडेय प्रधानाचार्य धनपत्ती देवी दिनेश कुमार शुभनेत्र कुमार, श्रीरामचंद्र पुनीत अग्रहरि बलवंत कुमार सतेंद्र कुमार गुप्ता धनवंतरी कुमार, कु. जागृति सिंह आदि गणमान्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन रामशंकर सिंह ने किया।

डीएम ने की मॉडल ब्लॉक गॉव की समीक्षा बैठक

जिलाधिकारी ने गंगा-यमुना नदी के किनारे स्थित चयनित गॉवों को सभी योजनाओं से संतृप्त कराते हुए मॉडल ग्राम बनानें के दिये निर्देश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा विकास भवन स्थित सरस हॉल में मॉडल ब्लॉक/गॉव की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने गंगा-यमुना नदी के किनारे स्थित चयनित गॉवों को निर्धारित मानक के अनुसार सभी योजनाओं से संतृप्त कराते हुए मॉडल ग्राम बनानें के निर्देश दियें। उन्होंने अधिकारियें को निर्देशित करते हुए कहा कि गंगा-यमुना नदी के किनारे स्थित सभी मॉडल गॉवो में छात्रवृत्ति, पारिवारिक लाभ, वृद्धावस्था पेंशन, कृषि सम्मान निधि, पट्टा, महिला समूह बनाना, मनरेगा के तहत 100 दिन का रोजगार एवं मत्स्य पालन सहित आदि अन्य योजनाओं से लोगों को संतृप्त किया जाय। उन्होंने कहा कि मॉडल गांव में सीमा स्तम्भ अवश्य लगा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय एवं ऑगनबाड़ी केन्द्र समय से ही खुलें एवं पोषण ट्रैकर में बच्चों की उपस्थिति नियमित होंना चाहिए। उन्होंने सभी विद्यालयों को समय से खोलने एवं 18-पैरामीटर के तहत विद्यालयों में कायाकल्प के कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें, जिससे गॉव को मॉडल ग्राम बनाया जा सकें। उन्होंने कहा कि गॉवों में साफ-सफाई एवं फागिंग का छिड़काव समय-समय पर होता रहें, जिससे गावों में किसी प्रकार की महामारी न फैले इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्वत, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप, जिला विकास अधिकारी सुखराज बन्धु एवं उप निदेशक कृषि सतेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

छोलाछाप बना प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन का अध्यक्ष

फर्जी तरीके से चलने वाले अस्पताल संचालकों ने प्रशासन पर दबाव बनाने के लिए हड़ताल का किया ड्रामा

प्राइवेट हॉस्पिटल की स्थिति इतनी खराब है कि 20 वर्षों में संचालक 100 करोड़ से अधिक की बेनामी अकूत संपत्ति अर्जित कर अस्पताल का भवन खड़ा कर चुके

कौशाम्बी। अवैध तरीके से संचालित अस्पताल पाली क्लीनिक पर कार्यवाही का दबाव बनाए जाने के बाद हॉस्पिटल संगठन ने हड़ताल की घोषणा की है हालांकि हड़ताल के बाद भी अस्पताल के अंदर मरीज भर्ती रहे उनका इलाज होता रहा और अस्पताल के बाहर ड्रामे बाजी के लिए हड़ताल हड़ताल की बात प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन के लोग कर रहे थे एक तरफ ड्रामेबाजी कर कथित चिकित्सक हड़ताल में बैठने का ढकोसला कर रहे थे तो दूसरे तरफ मरीज के परिवार से अस्पताल संचालक धन की वसूली कर रहे है यह कैसे हड़ताल है सबसे अहम बात तो यह है कि प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन का अध्यक्ष खुद झोलाछाप है उसके पास डॉक्टर की डिग्री नहीं है और उसका अवैध अस्पताल गलत तरीके से खुद का अस्पताल संचालित है और अपने अवैध अस्पताल को प्रशासनिक कार्रवाई से बचाने के लिए प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन का गठन कर अधिकारियों पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है जिससे अवैध तरीके से संचालित प्राइवेट अस्पताल नियम बिरुद्ध चलते रहे और उन पर प्रशासनिक कार्रवाई न हो सकें जिससे अवैध अस्पताल संचालक मरीजों का मनमानी इलाज करने में सफल होते रहे और इलाज के नाम पर मनमानी वसूली मरीज के परिजन से होती रहे कौशांबी और प्रयागराज के प्राइवेट हॉस्पिटल की स्थिति इतनी खराब है कि 20 वर्षों के बीच में अस्पताल संचालक 100 करोड़ से अधिक की बेनामी अकूत संपत्ति अर्जित कर आलीशान अस्पताल का भवन खड़ा कर चुके है जिसकी जांच कराए जाने की मांग जिले के लोगों ने शुरू की है जिससे बौखलाए प्राइवेट अस्पताल एशोसिएशन के लोगों ने हड़ताल की घोषणा की ड्रामेबाजी करके प्रशासनिक दबाव बनाना शुरू कर दिया है अब सवाल उठता है कि बिना डिग्री के छोला छाप डॉक्टर के संगठन के दबाव में सीएमओ अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई करने से हाथ खड़े कर देंगे या फिर अवैध तरीके से संचालित अस्पतालों पर सीएमओ कार्रवाई कर योगी सरकार के कानून का पालन अवैध अस्पताल संचालकों को करने पर विवश कर देंगे प्राइवेट अस्पताल एशोसिएशन के हड़ताल के ड्रामे के बाद एक बार फिर बड़े सवाल खड़े हो गए है।

न्यूज झरोखा

आंगनबाड़ी केंद्र अलीपुर जीता एवं दौलतपुर कसार का डीएम ने किया निरीक्षण

कौशाम्बी जिलाधिकारी मधुसूदन हल्गी ने सोमवार को आंगनबाड़ी केंद्र अलीपुर जीता एवं दौलतपुर कसार का आकस्मिक निरीक्षण कर बच्चों की उपस्थिति एवं साफ सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति कम पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए बच्चों की उपस्थिति बढ़ाए जाने एवं आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में साफ सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में समय से उपस्थित होकर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करे,इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम नहीं होगी।

अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष बने दिवाकर यादव

निर्वाचित पदाधिकारियो ने कहा कि वह यादव समाज के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे

बेनीराम कटरा कौशाम्बी। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा की एक बैठक करती क्षेत्र के कुलदीप यादव गेस्ट हाउस फूलकुमारी रतन चौराहा दरिया पुर करारी में संपन हुई बैठक में यादव समाज के सौकड़ों लोगो ने सहभागिता कर यादव समाज के उत्थान के लिए अपने-अपने विचार व्यक्त किया इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि हमें संगठित होना होगा संघर्ष करना होगा हमें एकजुट होना होगा इसके लिए इसी बैठक में चुनाव कराया जाना जरूरी है जिससे पदाधिकारी को उनके दायित्व की जिम्मेदारी दी जा सके बैठक में जिला कमेटी का गठन किया गया दिवाकर यादव जिलाध्यक्ष और नत्थू सिंह यादव महासचिव प्रमुख बनाए गए जिला उपाध्यक्ष पद पर मानसिंह वा चंद्र भान यादव पूर्व प्रधान वा राम आशीष वा महेन्द्र यादव बनाए गए उपाध्यक्ष मगन यादव को चयनित किया गया सचिव पद पर राजकुमार यादव वा कोषाध्यक्ष भैया लाल यादव बनाए गए आशीष प्रधान बूथ अध्यक्ष मुन्ना सिंह यादव पत्रकार मीडिया प्रभारी बनाए गए बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष तीरथ सिंह यादव ने की कार्यक्रम का संचालन नत्थू सिंह यादव ने किया इस बैठक में मंडल अध्यक्ष धीर यादव जिला अध्यक्ष राजेश चौधरी अशर्फी लाल शास्त्री पूर्व ब्लाक आदि लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे इस बैठक में निर्वाचित पदाधिकारियो ने कहा कि वह यादव समाज के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे लोगो ने निर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दी है

अदालत में आई बालिका को मुकदमा वापस लेने की दबंगों ने दी धमकी

कौशांबी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग बालिका का मुकदमा अदालत में विचाराधीन है मुकदमे की सुनवाई के दौरान बालिका सोमवार को अदालत आई थी जहां पर आरोपी जावेद के मुकदमे के जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई होनी थी बालिका जमानत प्रार्थना पत्र के विरोध के संबंध में अदालत पहुंची थी जहां आरोपी जावेद के खास लोग परवेश व अन्य ने बालिका को मुकदमा वापस लेने की धमकी दिया है और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई है सवाल उठता है कि दबंगों के हौसले इतने बुलंद है कि अदालत में पीड़ित परिवार को धमकी देने से बाज नहीं आ रहे हैं मामला बेहद गम्भीर है पुलिस को मामले को संज्ञान लेकर आरोपियों पर कठोर कार्रवाई किए जाने की जरूरत है पीड़ित बालिका ने मंझनपुर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है।

राहुल गाँधी पर अभद्र टिप्पणी बर्दाश्त नहीं करेगी कांग्रेस

कांग्रेसियों ने एडीएम को ज्ञापन सौप कर जताया विरोध

कौशांबी। अल्पसंख्यक कांग्रेस के अह्वान पर नेता विपक्ष दल राहुल गाँधी पर भाजपा के नेताओं के द्वारा लगातार हो रही अभद्र टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन कर जिला कांग्रेस कौशाम्बी के अल्पसंख्यक विभाग के जिला चेयरमैन सरवर आलम कि अध्यक्षता मे राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन ए डी एम न्यायिक प्रबुद्ध सिंह को सौंपा गया।इस दौरान सरवर आलम ने कहा कि जिस तरह से विपक्ष के नेता राहुल गाँधी के खिलाफ लगातार भाजपा के नेताओं द्वारा टिप्पणी हो रही है वह बेहद गंभीर है और कांग्रेस पार्टी इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा आगामी सभी चुनावों मे होने वाली हार की बौखलाहट मे ऐसी अभद्र टिप्पणी कर रही है। वरिष्ठ नेता मो0 शाहिद सिद्दीकी ने कहा कि राहुल गाँधी देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और जिस तरह से भाजपा के लोग उनपे व्यक्तिगत टिप्पणी कर रहे हैं उसकी भर्त्सना की जाती है और उन्होंने सरकार से माँग किनहै की राहुल गाँधी की रढऋ सुरक्षा अविलंब बहाल की जाए।कार्यक्रम मे मुख्य रूप से अक्ढउ मेंबर तमजीद अहमद, वाइस चेयरमैन नजमुल हसन, राम सागर मिश्रा, रविकांत प्रजापति, नदीम अहमद, मो अजमल सिद्दीकी, कमला कांत शुक्ला, मस्तूर अहमद, मो अतीक, मो रिजवान, मो मुसरफ, सचिन कुमार, सराफत आलम सहित कई कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ससुर खदेरी नदी के पास जंगली जानवर का आतंक, 4 को गंभीर रूप से किया घायल

कौशाम्बी। जिले के चरवा थाना क्षेत्र के लोही गाँव के पास ससुर खदेरी नदी किनारे एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहा चार ग्रामीण अपने मवेशियों को चरा रहे थे,तभी अचानक एक खूंखार जंगली जानवर वहां आ धमका और चार लोगों पर हमला कर दिया। इस हमले में कल्लू माली पुत्र पुनीत कुमार, राम शरण मौर्य, पार्वती देवी पत्नी राम शरण कुशवाहा, और श्याम लाल सरोज गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी सराय अकिल में भर्ती कराया गया है और जंगली जानवर की खोजबीन में टीम लगी है जंगली जानवर ने पार्वती देवी पर घातक प्रहार किया, जिससे उनके हाथ और पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। शेष तीनों घायलों को भी गहरी चोटें आई हैं, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों में इस भयावह हमले से दहशत फैल गई है, और सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।आज तक वन विभाग यह नहीं पता कर सका की वास्तव में भेड़िया है कि कोई अन्य जानवर जबकि कई लोग जंगली जानवरों के हमले में घायल हो चुके हैं।

मुजाहिदपुर गाँव की स्याह रात का रहस्य उजागर

करंट से हुई मौत के पीछे छिपी कुटिल साजिश का भंडाफोड़

कौशाम्बी। संदीपनघाट थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह एक दिल दहला देने वाली खबर से कोहराम मच गया। ग्राम मुजाहिदपुर में धान के खेत में एक अज्ञात शव मिलने की सूचना पर एएसपी राजेश कुमार सिंह, सीओ मनोज रघुवंशी, थानाध्यक्ष संदीपनघाट बृजेश करवारिया पुलिसफोर्स के साथ मौके पर पहुँचे। घटनास्थल पर पसरी खामोशी और सन्नाटे को भेदते हुए पुलिस ने शव का निरीक्षण किया और उसे मोर्चरी भेजा। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में इस राज का खुलासा हुआ कि मृतक की मौत करंट लगने से हुई थी, लेकिन इसके पीछे की कहानी और भी भयावह थी। मृतक की पत्नी की शिकायत पर थाना संदीपनघाट में हत्या का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने तफ्तीश शुरू की, और मामले की परतें खोलते-खोलते पहुंची सोहरा पासी उर्फ श्रीचन्द्र तक। पुलिस ने उसे दबोचते ही जब पूछताछ की, तो जो सामने आया उसने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया। सोहरा ने अपने जुर्म को कबूलते हुए बताया कि 22 सितंबर की रात, सेगई उर्फ विनोद पटेल शराब के नशे में धुत होकर उसके घर आया था। दोनों ने बाजार से मुर्गा और हीटर खरीदा। लेकिन, जैसे ही सेगई ने हीटर के तार जोड़ने की कोशिश की, उसे जोरदार करंट लग गया और वह सिर के बल गिरकर वहीं दम तोड़ गया। इस हादसे से सोहरा बुरी तरह घबरा गया। उसने जल्दी से शव को छत पर छिपा दिया और फर्श को साफ कर दिया ताकि कोई सबूत न मिले। रात के अंधेरे में, अपने भतीजे गुरगुच उर्फ अशोक के साथ मिलकर, उसने शव को साड़ी के सहारे छत से उतारा और धान के खेत में फेंक दिया, ताकि इस मौत को प्राकृतिक दिखाया जा सके। लेकिन, पुलिस की चतुराई और कड़ी पूछताछ ने साजिश के सारे धागे खोल दिए। सोहरा की चालाकी धरी रह गई और अब वह पुलिस की गिरफ्त में है, और पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

सम्पादकीय

स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा करते हुए एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया

चुनाव आयोग निष्प्राण : चुनाव सुप्रीम कोर्ट करवाए !सर्वोच्च न्यायालय को बधाई चुनावी बांड रद्द करने के आदेश से लोकतंत्र मजबूत हुआ बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा करते हुए एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। अदालत ने केंद्र सरकार की तरफ से पिछले साल लाए गए इंफॉर्मेशन टेक्नालॉजी संशोधित नियम- 2023 में किए गए फैक्ट चेक यूनिट गठन के प्रावधान को निरस्त कर दिया है। इस फैसले को सुनाते हुए जस्टिस अतुल चांदुरकर ने माना कि एफसीयू संविधान के अनुच्छेद-14 (समानता का अधिकार), 19 (बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी), 191-जी (पेशे के अधिकार) और 21 के प्रावधानों का उल्लंघन करता है। आईटी नियमों में फर्जी, भ्रामक और झूठ जैसे शब्दों की व्याख्या पूरी तरह से अस्पष्ट है, जो तार्किकता की कसौटी पर खरी नहीं उतरती है। दरअसल केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब आदि पर फर्जी, भ्रामक और झूठी खबरों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से फैक्ट चेक यूनिट की व्यवस्था बनाई थी, ताकि सरकार के कामकाज की सही और सटीक सूचनाएं नागरिकों तक पहुंचे। इस व्यवस्था में यदि सोशल मीडिया में को

ई झूठी खबर डाली जाती है, तो एफसीयू उसे चिन्हित करेगा, फिर उसे वहां से हटाया जाएगा। लेकिन चर्चित स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा समेत कुछ और याचिकाकताओं ने इस प्रावधान के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उनका कहना था कि ये संशोधन अभिव्यक्ति और विचारों की स्वतंत्रता पर अनुचित प्रतिबंध लगा देगा। याचिकाकताओं का कहना है कि इन प्रावधानों से ऑनलाइन कंटेंट पर सरकारी सेंसरशिप लग जाएगी। सरकार को इस बात का 'अभियोजक, जजइ बनने का मौका मिल जाएगा कि ऑनलाइन क्या 'सत्यइ पेश किया जाएगा।

इस याचिका पर जनवरी, 2024 में हाई कोर्ट की जस्टिस पटेल और जस्टिस नीला गोखले की बेंच ने विभाजित फैसला सुनाया था। जस्टिस पटेल के मुताबिक, एफसीयू ऑनलाइन सूचनाओं पर एक सेंसरशिप का काम करेगा। वहीं जस्टिस गोखले के अनुसार, एफसीयू दुर्भावना से भरी सूचनाओं को फैलने से रोकेगा। केवल एफसीयू के दुरुपयोग की संभावना के आधार पर इसे अमान्य नहीं किया जा सकता है। हाईकोर्ट का फैसला आने के इंतजार में फैक्ट-चेक यूनिट संचालित करने के नोटिफिकेशन पर सुप्रीम कोर्ट ने भी मार्च में स्टे लगा दिया था, सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि केंद्र इस मामले में तब तक आगे नहीं बढ़ सकता, जब तक बॉम्बे हाई कोर्ट इसकी संवैधानिक वैधता पर निर्णय नहीं लेता है। दो जजों की मतभिन्नता को देखते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डी.के.उपाध्याय ने केस को तीसरे जज चांदूरकर के पास भेजा था।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व की भारी कटौती का वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों पर असर

- अंजन रॉय

अमेरिकी अर्थव्यवस्था का व्यवहार हैरान करने वाला रहा है। पारंपरिक आर्थिक तर्क के अनुसार, केंद्रीय बैंक ब्याज दरें तब बढ़ाते हैं जब कीमतें बढ़ रही होती हैं। उच्च ब्याज दर मांग को दबा देती है, निवेश को कम करती है, जिससे रोजगार में कमी आती है। इस प्रकार, रोजगार और मूल्य वृद्धि के बीच एक विशेष संबंध है। 19 सितंबर दुनिया भर के वित्तीय बाजारों के लिए एक बड़ा दिन था। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने आखिरकार वैसा ही किया जैसा बाजारों को उम्मीद थी। इसने ब्याज दरों में भारी कटौती की। इसका वैश्विक स्तर पर व्यापक असर हो रहा है और शेयर बाजारों, जो पहले से ही समायोजन कर रहे हैं, को अधिक समायोजन करना पड़ रहा है, जैसा कि हमने भारतीय बाजार में तेज उछाल के दौरान देखा है। मार्च 2020 के बाद से अमेरिकी केंद्रीय बैंक की ओर से यह पहली ब्याज दर कटौती है।

सबसे अधिक ध्यान देने वाली बात यह है कि अमेरिकी फेड ने सभी उम्मीदों को पार कर लिया है और पहले से कहीं अधिक कटौती की है - जैसा कि कुछ टिप्पणीकारों ने इसे 'आधा प्रतिशत की भारी कटौती' कहा है। इसके परिणाम स्वरूप शेयर बाजार आश्चर्यचकित ढंग से ऊपर की ओर जा रहे हैं। कुछ टिप्पणीकार मौद्रिक नीति निर्माण के इस बड़े कदम को 'फ्रंट लोडिंग' के रूप में वर्णित कर रहे हैं।

ऐसा करते हुए, फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोमपॉवेल ने कहा कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था मजबूत और स्वस्थ है और लगातार बढ़ रही है। साथ ही, ब्याज दरों को ऐतिहासिक उच्च स्तर पर रखने के बावजूद, अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ रही है और मंदी में नहीं फंसी है।

साथ ही, कीमतों में तेजी से गिरावट आई है और मूल्य मुद्रास्फीति लगभग लक्ष्य

19 सितंबर दुनिया भर के वित्तीय बाजारों के लिए एक बड़ा दिन था अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने आखिरकार वैसा ही किया जैसा बाजारों को उम्मीद थी

स्तर के भीतर है। उन्हें लगा कि मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने की लड़ाई जीत ली गई है और इसलिए उन्होंने अपनी नीति ब्याज दर में आधे प्रतिशत की कटौती की, भले ही इसके बारह गवर्नरों में से एक इस धारणा से अलग थे और एक चौथाई प्रतिशत की कम कटौती की वकालत की।

इसका निश्चित रूप से वैश्विक स्तर पर प्रभाव पड़ेगा। प्रमुख देशों के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के कदम के जवाब में अपनी ब्याज दरों को फिर से निर्धारित कर सकते हैं। हर तरफ दरों में कटौती की उम्मीद की जा सकती है।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले से

वैश्विक स्तर पर धन के प्रवाह पर असर पड़ेगा। यह उम्मीद करना उचित है कि उभरते बाजारों की अर्थव्यवस्थाओं का लाभ उठाने के लिए फंड मैनेजर इन बाजारों में कुछ अतिरिक्त निवेश करेंगे। भारतीय शेयर बाजार प्रमुख संस्थागत निवेशकों के लिए एक लक्ष्य है और सबसे प्रमुख वैश्विक शेयर सूचकांकों में से एक में भारत का महत्व चीन के मुकाबले मामूली रूप से बढ़ा है।

भारतीय शेयर बाजार में पहले से ही तेजी देखी जा रही है। आज के कारोबार में शेयरों में तेजी आई है, जबकि ये पहले से ही उच्च स्तर पर हैं। दर समायोजन की स्थिति में शेयरों और बांडों के तुलनीय मूल्य फिर से संरेखित होते हैं। कोई सुरक्षित रूप से उम्मीद कर सकता है कि ब्याज दर घटेगी तथा शेयरों की कीमतें बढ़ेंगी। पोर्टफोलियो को फिर से निर्धारित किया जायेगा।

अतिरिक्त फंडों में होने वाले उतार-चढ़ाव अगले चरण में विदेशी मुद्रा बाजार को भी हिला सकते हैं। कोई उम्मीद कर सकता है कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये के लिए आसान दरें उलट सकती हैं और विदेशी संस्थागत निवेशकों से प्रवाह के अनुसार समायोजन दिखा सकती हैं। फिर, संयुक्त राज्य अमेरिका के केंद्रीय बैंक ने इस समय इतना बड़ा कदम क्यों उठाया है। राय अलग-अलग हैं। आंकड़ों की व्याख्याएं अलग-अलग हैं। फेडरल बैंक के चेयरमैन पॉवेल ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में विपरीत स्थिति की ओर इशारा किया है। जबकि साल की शुरूआत में, कीमतें 4.2 प्रतिशत बढ़ रही थीं और बेरोजगारी दर 2 प्रतिशत पर थी। वर्तमान में स्थिति बिल्कुल उलट है। कीमतें 2प्रतिशत बढ़ रही हैं और बेरोजगारी 4.2प्रतिशत पर है।

पॉवेल ने बताया कि बेरोजगारी और बढ़ने से पहले, केंद्रीय बैंक को बेरोजगारी को और बढ़ने से रोकने के लिए समग्र आर्थिक गतिविधि को समर्थन देने की दिशा में कदम उठाना होगा। वास्तव में, अर्थशास्त्रियों और बाजार संचालकों में से कुछ लोगों का मानना है कि फेड पहले से ही पीछे रह गया है, यानी उसने दरों में कटौती को बहुत लंबे समय तक टाल दिया है।

केंद्रीय बैंक ने अपनी नीतिगत दरों को ऐतिहासिक रूप से उच्च स्तर पर बनाये रखा था - सटीक रूप से 23 साल के उच्चतम स्तर पर। परिणामस्वरूप, बाजारों के साथ-साथ अर्थशास्त्रियों को भी उम्मीद थी कि फेड इस साल जनवरी में अपनी बैठक में नीतिगत दरों में कटौती करेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। फिर मौद्रिक नीति समिति की मार्च की बैठक में कटौती की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा भी नहीं हुआ। फिर, जून में भी ऐसी ही उम्मीद थी। अब, सितंबर में ही कटौती हुई है।

पूरे समय, अर्थशास्त्रियों को डर था कि लगातार उच्च ब्याज दरें अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मंदी में डाल देंगी। यह डर लंबे समय से था। इकानॉमिस्ट पत्रिका ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया था कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था अभी भी बढ़ रही है, हालांकि 2020 की पहली तिमाही से ब्याज दर में लगातार बढ़ोतरी की जा रही थी।

वास्तव में, अमेरिकी अर्थव्यवस्था का व्यवहार हैरान करने वाला रहा है। पारंपरिक आर्थिक तर्क के अनुसार, केंद्रीय बैंक ब्याज दरें तब बढ़ाते हैं जब कीमतें बढ़ रही होती हैं। उच्च ब्याज दर मांग को दबा देती है, निवेश को कम करती है, जिससे रोजगार में कमी आती है। इस प्रकार, रोजगार और मूल्य वृद्धि के बीच एक विशेष संबंध है।

लेकिन इस बार, फेड ने अपनी ब्याज दरें तब बढ़ाईं जब अमेरिकी कीमतें ऐतिहासिक उच्च गति पर थीं। सभी को बेरोजगारी में वृद्धि और वास्तव में मंदी की उम्मीद थी।परन्तु ऐसा कुछ भी नहीं हुआ और अमेरिका खुशी-खुशी बढ़ता रहा। साथ ही, हाल ही में कीमतों में तेज वृद्धि धीमी हो गई और केंद्रीय बैंक के स्वीकार्य स्तर पर आ गई।

संभवतः, यह नयी अर्थव्यवस्था की शुरूआत है। अर्थशास्त्री सुराग खोजने के लिए डेटा और अमेरिकी उपभोक्ताओं के व्यवहार से जूझ रहे हैं। यह महामारी और उसके बाद के दौर में हो सकता है। उपभोक्ताओं के हाथों में अप्रयुक्त धन के बड़े पूल ने अर्थव्यवस्था को चालू रखने में भूमिका निभायी। इस घटना को नियमित रूप से स्वीकार करना बहुत जोखिम भरा हो सकता है।

ओडिशा की घटना से सेना में रोष

- शकील अख्तर

ज्योति बसु भी चले गए, सोमनाथ चटर्जी भी और सीताराम येचुरी भी। मगर जैसा सीपीआईएम ने 1996 में ज्योति बसु को प्रधानमंत्री नहीं बनाने के लिए तर्क दिया था कि हमारे पूर्ण बहुमत होने तक हम अपने सिद्धांत लागू नहीं कर सकेंगे इसलिए उस सरकार में जहां हमारे सदस्य कम हैं हम प्रधानमंत्री नहीं बना सकते। ज्योति बसु नहीं बने और आज 28 साल हो गए लेफ्ट खासतौर से सीपीआईएम और कमजोर हुआ है।

लास्ट इंस्टिट्यूशन था सेना! उसे भी खत्म कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि अभी ओडिशा पुलिस थाने में महिला यौन उत्पीड़न की भयावह घटना के बाद अचानक यह हुआ हो।

हो तो पहले से रहा है मगर किसी दूसरी फोर्स को उसके खिलाफ ऐसा विवाद खड़ा नहीं किया गया था। अब सेना के खिलाफ बाकायदा उड़ीसा पुलिस को उतार दिया गया है।

सेना देश के पवित्रतम संस्थानों में मानी जाती है। ज्यूडिशरी और सेना यह वह इन्स्टिट्यूशन हैं जो किसी बड़ी से बड़ी घरेलू विपत्ति में भी डटे रह सकते हैं। बशर्ते कि उनका राजनीतिकरण नहीं किया जाए।

2014 में नरेन्द्र मोदी जिस तरह प्रधानमंत्री बने आडवानी और मुरली मनोहर जोशी जैसे अपने सबसे बड़े नेताओं को धकेल कर रास्ते से हटाया उससे यह आभास हो गया था कि मोदी गुजरात की तरह यहां भी तानाशाही करेंगे। मगर हमारे यहां बुद्धिजीवी ऐसे हैं कि वे इसमें तानाशाही की फासिज्म की परिभाषाएं रखकर नापतौल कर रहे थे कि यह फासिज्म है या अर्द्ध फासिज्म? इसके इटली के स्वरूप और जर्मनी के रूप में क्या फर्क था। खैर वह सिद्धांतकारी खुद उनकी पार्टी में फेल हो गए, मगर वे सिद्धांत बड़ा है व्यवहारिक जरूरतों से इस पर अड़े रहे और आज केवल सिद्धांत है, किस पर लागू किया जाए वह कोई बचा ही नहीं है।

ज्योति बसु भी चले गए, सोमनाथ चटर्जी भी और सीताराम येचुरी भी। मगर जैसा सीपीआईएम ने 1996 में ज्योति बसु को प्रधानमंत्री नहीं बनाने के लिए तर्क दिया था कि हमारे पूर्ण बहुमत होने तक हम अपने सिद्धांत लागू नहीं कर सकेंगे इसलिए उस सरकार में जहां हमारे सदस्य कम हैं हम प्रधानमंत्री नहीं बना सकते। ज्योति बसु नहीं बने और आज 28 साल हो गए लेफ्ट खासतौर से सीपीआईएम और कमजोर हुआ है। इतना कि लाल किले से लाल सलाम का नारा अब लगाया भी नहीं जाता। विषयातंर हो रहा है लेकिन यह जरूरी है और मूलरूप से तो विषयातंर भी नहीं है एक पुराने विषय की कड़ियां जोड़ना है, ताकि आज की परिस्थितियां

सही तरीके से समझ में आ सकें। राजनीतिक घटनाक्रम हमेशा किसी सिद्धांत में फिट नहीं होता है। राजनीति के बदलते रूप नए सिद्धांत बनाते और उन्हें सुधारते हैं।

बात हमने फासिज्म से की थी कि उस समय सीपीआईएम के नए नए बने महासचिव प्रकाश करात ने कहा था- यह फासिज्म नहीं अर्द्ध फासिज्म है। अब पूरा हुआ कि नहीं। यह उन्होंने शायद बताया नहीं या बताया भी होगा तो जैसा हमने कहा कि कमजोर हो गई है पार्टी, किसी ने सुना भी नहीं होगा। अखबारों में अब रिपोर्ट भी नहीं होता है।

हमने बात शुरू की थी सेना के भी इन्स्टिट्यूशन के रूप में खत्म करने की तो उसी संदर्भ में यह आया है कि शुरूआत 2014 से ही कर दी थी। और वह जिनकी समझ में नहीं आया वह तो अलग बात है मगर जो जानते थे उन्होंने अनावश्यक अकादमिक बहसों में लोगों को उलझाकर बड़ा नुकसान किया। इसी सिलसिले में ज्योति बसु के प्रधानमंत्री न बनाने का जिक्र आया। जो वास्तव में ऐतिहासिक भूल साबित हुई। और यह एक अकेली या आखिरी नहीं थी। ऐसे ही न्यूक डील पर अड़ना। यूपीए सरकार से समर्थन वापस लेना। सोमनाथ चटर्जी जो लोकसभा अध्यक्ष थे उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करना। दस बार के सांसद चटर्जी को पार्टी से ही निकाल दिया गया था। 2008 में यूपीए से समर्थन वापसी के बाद सीपीआईएम ने चटर्जी से लोकसभा अध्यक्ष पद छोड़ने को कहा। उन्होंने नहीं छोड़ा। तो उन्हें पार्टी से ही निकाल दिया गया।

कई बार लगता है कि यह बच्चों के खेल जैसा है। जैसे वे कब कहां कोई नियम बनाकर अड़ जाते हैं वैसे ही यहां सिर्फ नियम बचे रह गए व्यक्ति चले गए।

इन दिनों देश भर में सीपीआईएम के महासचिव सीताराम येचुरी की याद में सभाएं हो रही है। आम लोग बड़ी तादाद में उनमें आ रहे हैं। और बहुत दिल से सीताराम को याद कर रहे हैं। हमने उनकी मृत्यु से करीब एक डेढ़ महीने पहले उनके साथ आखिरी मुलाकात में कहा था राज्यसभा में आपकी कमी बहुत खलती है। मुलाकात संसद भवन में ही हुई थी। एनेक्सी के मेडिकल सेंटर में। तबीयत तो खराब चल ही रही थी। बोले भी कि बुढ़ापा! हमने विरोध किया। बात को बदलने के लिए उनके राज्यसभा के उस ऐतिहासिक दिन की याद दिलाई जिस दिन उन्होंने सदन में सभापति को मत विभाजन के लिए मजबूर करके मोदी सरकार को हरा दिया था। फिर ऐसा कोई नहीं कर पाया। खुशी छलकी चेहरे पर। मुस्कराते तो वे हमेशा रहते थे। मगर अंदर की खुशी उस समय बाहर आई। थोड़ी बातें हुईं। और हमने कहा कि आपकी पार्टी का और आप खुद महासचिव थे आपका गलत फैसला कि आपकी राज्यसभा कंटीन्यू नहीं की गई। हंसते रहे। हमने कहा इंटरव्यू करेंगे। कहने लगे आ जाइए। मगर वह मौका ही नहीं आया।

तो यह एक और बड़ी भूल थी सीपीआईएम की कि राज्यसभा में उसने अपने सारे अच्छे स्पीकरों को हटा लिया। इस नियम के चलते कि दो बार से ज्यादा किसी को राज्यसभा नहीं मिलेगी। लोकसभा का टिकट कितनी बार भी मिल जाए। मुख्यमंत्री कितने साल भी रह ले। राज्यसभा नहीं देंगे! तो राज्यसभा जहां एक अकेले सीताराम ने दस साल केवल लेफ्ट की आवाज ही बुलंद नहीं रखी सदन में चचाओं के स्तर को एक नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

खैर बात कहां से कहां पहुंची। मगर ठीक है। मोदी से जिक्र शुरू हुआ था किस तरह उन्होंने देश के सारे इन्स्टिट्यूशन को खत्म कर दिया। मीडिया का तो जिक्र ही क्या? उसकी तो बात करने लायक भी स्थिति नहीं बची है। बाकी भी सारे संस्थानों की स्वायत्तता खत्म कर दी गई है। न्यापालिका कभी-कभी आभास देती है कि वह कुछ कर रही है। कर सकती है। मगर उस पर दबाव लगातार बढ़ाया जा रहा है कि वह भी पूर्ण समर्पण कर दे। कभी व्यंग्य करके। चुनावी बांड के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद खुद प्रधानमंत्री ने उस पर कृष्ण और सुदामा की कहानी के माध्यम से चोट करने की कोशिश की थी। और अभी तो चीफ जस्टिस चन्द्रचूड़ के घर का वीडियो रिलीज करके। चीफ जस्टिस अभी तक जवाब नहीं दे पाए।

सेना के मामले में भी जब बिपिन रावत की सीडीएस बनाया था तो उनके बयानों ने बताया कि कैसे वे सेना के राजनीति से दूर रहने के पवित्र सिद्धांत की अवमानना कर रहे हैं। सीताराम येचुरी की बात हुई है तो याद आता है रावत के बयानों पर उन्होंने चेताया था कि सेना के इस तरह के हस्तक्षेप हमें कहीं पाकिस्तान के रास्ते पर न ले जाएं।

रावत ने असम के मामले में एकदम खुलकर राजनीतिक बात की थी। बदरुद्दीन अजमल की पार्टी और जनसंघ की विवादास्पद तुलना की थी। इसी तरह कश्मीर पर, स्टूडेन्ट पर, नागरिकता संशोधन कानून पर उनके कई बयान हैं जो इससे पहले कभी सोचे भी नहीं जा सकते थे कि कोई सेना का अधिकारी कभी ऐसा भी बोल सकता है।

इससे सेना का दर्जा गिरा। उसकी जो अपना अलग एक पहचान थी वह कमजोर हुई। सेना को भी दूसरी फोर्सों की तरह लिया जाने लगा। मध्यप्रदेश के महू में जो सैन्य छावनी है। थोड़ा पत्रकारों का भी उससे संबंध है। वहां पत्रकारों को वार करस्पान्डेंट की ट्रेनिंग दी जाती है। वहां दो आर्मी आफिसर और उनकी महिला मित्रों के साथ मारपीट की गई। फिरौती मांगी गई। रेप किया गया।

कभी सुना था ऐसा? आर्मी इलाकों के पास गुंडे बदमाश फटकते नहीं थे। आसपास के बाजारों में महिलाएं देर रात तक अकेली शापिंग करती थीं। और अब महू की घटना के बाद पता है मीडिया ने क्या सवाल उठाए? देर रात महिलाएं घर से बाहर क्यों निकल रही हैं? उनके पुरुष मित्रों के साथ घूमने का औचित्य?

महिला और सेना पर ऐसे ही सवाल अब ओडिशा की पुलिस उठा रही है। सेना के युवा अफसरों में बहुत रोष हैं। सेन्ट्रल कमान ने ट्वीट करके कहा है कि हम ओडिसा के मामले को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। पूर्व सेना अधिकारियों ने वहां सड़कों पर प्रदर्शन किया। थाने के अंदर सेना के अधिकारी जो शिकायत लेकर आए हैं उनके साथ मारपीट और मंगेतर के कपड़े उतार कर रेप की धमकी।

कभी नहीं सुना था। और सबसे खराब बात की प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं। खाली बंगाल पर बोलते हैं। हालांकि बंगाल में कोई आरोपी के साथ नहीं आया। लेकिन जहां भी बीजेपी की सरकार है मणिपुर से लेकर अभी ओडिशा तक वहां सबसे पहले आरोपियों को समर्थन मिलता है। पीड़िता परिवार पर सवाल उठाए जाते हैं।

सिक्खों की सहानुभूति बटोरने में नाकाम रहे राहुल गांधी

योगेंद्र योगी

राहुल गांधी ने कहा था कि वो अल्पसंख्यकों को उनका हक दिलाने और उनको बैखौफ होकर जीने की आजादी दिलाने के लिए लड़ रहे हैं, उनकी लड़ाई इस बात की है कि भारत में सिखों को पगड़ी बांधने में डर न लगे, कड़ा पहनने से कोई न रोके, वे गुरुद्वारों में बेखौफ होकर जा सकें।

लगातार तीन बार लोकसभा चुनावों में हार के बावजूद कांग्रेस का अल्पसंख्यकों के प्रति मोह कम नहीं हुआ है। कांग्रेस ने लोकसभा सहित चार राज्यों के विधानसभा चुनावों में तीन में करारी शिकस्त खाने के बावजूद कोई सबक नहीं सीखा है। कांग्रेस बयानों के जरिए यह साबित करने पर तुली हुई कि वह सही मायने अल्पसंख्यकों की खैरख्वाह है। ऐसी राजनीति की कीमत कांग्रेस को चुकानी पड़ी है। दो दशक पहले तक दबे-छिपे तरीके से हिन्दुओं की बात करने वाली भाजपा खुल कर सामने आ गई। इससे देश में हिन्दू-मुस्लिम मतदाताओं का स्पष्ट ध्रुवीकरण नजर आता है। अल्पसंख्यकों की हितैषी साबित करने के लिए कांगेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमरीका में सिक्खों की भारत में सुरक्षा को लेकर बयान देकर संगठन को मुश्किल में डाल दिया। पहले मुसलमानों और अब सिक्खों को लेकर दिए गए बयान से कांग्रेस भाजपा के निशाने पर आ गई। राहुल गांधी के बयान से खालिस्तान की मांग करने वाले पृथक्तावादी संगठन के प्रमुख गुरुपंत सिंह पन्नू को जहर उगलने का मौका मिल गया। राहुल गांधी ने कहा था कि वो अल्पसंख्यकों को उनका हक दिलाने और उनको बैखौफ होकर जीने की आजादी दिलाने के लिए लड़ रहे हैं, उनकी लड़ाई इस बात की है कि भारत में सिखों को पगड़ी बांधने में डर न लगे, कड़ा पहनने से कोई न रोके, वे गुरुद्वारों में बेखौफ होकर जा सकें। इसके बाद खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने राहुल गांधी के बयान को बिल्कुल सही बताया। जो बात राहुल गांधी कह रहे हैं, वो बात पन्नू भी मानता है। राहुल और उसकी लाइन एक है। राहुल गांधी की खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने तारीफ कर दी। पन्नू ने एक बयान

जारी करके कहा कि राहुल गांधी ने सिखों के बारे में जो कुछ बोला, उसमें खालिस्तान समर्थक संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' की बात का समर्थन है। बड़ी बात ये है कि राहुल गांधी की बात को उस सिख नौजवान भलिंदर सिंह ने भी गलत बताया जिसका नाम पूछ कर वॉशिंगटन में राहुल ने भारत में सिखों की स्थिति के बारे में गलतबयानी की थी। भलिंदर सिंह विरमानी ने खुद सोशल मीडिया पर अपना वीडियो पोस्ट करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने उनका नाम पूछकर सिखों को लेकर जो कमेंट किया, वो पूरी तरह गलत था। भलिंदर सिंह ने कहा कि वो खुद भारतीय हैं, कुछ दिनों के लिए अमेरिका आए हैं, उन्होंने भारत में कभी नहीं देखा कि किसी सिख को पगड़ी पहनने या कड़ा पहनने से रोका गया हो या किसी को गुरुद्वारे जाने में कोई दिक्कत हुई हो।

देश में सिक्खों को लेकर प्यू रिसर्च सेंटर की सर्वे रिपोर्ट 2021 में प्रकाशित हुई थी। प्यू रिसर्च सेंटर ने यह सर्वे 2019 से 2020 के बीच कराया था। इस सर्वे में महज 14 फीसदी सिखों ने ही माना था कि भारत में सिखों के साथ भेदभाव होता है। मगर अधिकतर सिखों का मानना था कि उन्हें भारत में कोई भेदभाव नहीं दिखता। इस रपोर्ट के मुताबिक, करीब 95 फीसदी सिख खुद को भारतीय होने पर बहुत गर्व करते हैं। इतना ही नहीं, बहुमत यानी 70 फीसदी सिखों का मानना है कि जो व्यक्ति भारत का अनादर करता है, वो सिख हो ही नहीं सकता। वॉशिंगटन डीसी में राहुल गांधी ने दुनिया भर में भारत-विरोधी प्रचार करने वाली अमेरिकी सांसद इल्हान उमर से मुलाकात की। इल्हान उमर डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता हैं, वो खुले तौर पर पाकिस्तान की हिमायती हैं, हर मंच पर भारत का विरोध करती हैं। राहुल गांधी अमेरिकी सांसदों के जिस प्रतिनिधिमंडल से मिले, उसमें इल्हान उमर को खासतौर पर बुलाया गया था। इल्हान उमर वही हैं, जिन्होंने 2022 में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जाकर कहा था कि कश्मीर पर भारत का कोई हक नहीं है, भारत को कश्मीर छोड?ा ही पड़ेगा। जून 2023 में इल्हान उमर अमेरिका की संसद में भारत के खिलाफ एक प्रस्ताव लेकर आई थीं, जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्रालय से अपील की गई थी कि वह भारत को एक ऐसा देश घोषित करे जहां पर धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का हनन होता है, जहां मुसलमान सुरक्षित नहीं है। कांग्रेस के नेताओं के पास इस बात का भी जवाब नहीं है कि राहुल गांधी पाकितान समर्थक इल्हान उमर से क्यों मिले? इल्हान तो हमेशा से भारत के खिलाफ रही हैं। कांग्रेस ने हमेशा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग माना है। अनुच्छेद 370 पर राहुल गांधी का ढुलमुल रवैया रहा है। राहुल गांधी जम्मू कश्मीर के दौरे पर पार्टी नेताओं का फीडबैक लेने पहुंचे थे, तब भी वे अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर साइलेंट मोड में दिखे थे। हालांकि कांग्रेस जिस दल के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही उसका इस मुद्दे पर मत कुछ अलग है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपने घोषणा पत्र में साफ कर दिया है कि अगर हमारी सरकार बनती है तो अनुच्छेद 370 और 35 ए की बहाली की जाएगी। हालांकि नेशनल कान्फ्रेंस किस आधार पर अनुच्छेद 370 की वापसी की बात कर रही है वो समझ से परे है। क्योंकि यह साधारण सी बात है कि केंद्र में सत्ता मिलने पर ही अनुच्छेद 370 की वापसी संभव हो सकती है।

डीएम व एसपी ने ली कानून व्यवस्था, अभियोजन की समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश

बैठक में निर्देश देते डीएम।

चित्रकूट। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में सोमवार को कानून व्यवस्था, अभियोजन एवं महिला अपराधों की विशेष समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

सोमवार को जिलाधिकारी ने एससी एसटी एक्ट, पास्को एक्ट, आयुध अधिनियम, महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध अपराध, आईपीसी धारा, सत्र न्यायालय, अधीनस्थ न्यायालय, अन्य अधिनियम, सम्मन तामिल, गवाहों की उपस्थिति, जमानत, टॉप टेन अपराधों, सडक सुरक्षा, अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर पाबंदी, ओवर लोड वाहनों पर कार्यवाही, अवैध शराब पर प्रतिबंध, गैंगस्टर, वैध ऑटो स्टैंड, गौवंश तस्करी, महिला सम्बन्धित विशेष समीक्षा आदि बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि महिला सम्बन्धी मामलों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने तामिला के सम्बन्ध में सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि गवाहों को न्यायालय में भेजते रहें, जिससे अधिक से अधिक इसका निस्तारण होता रहे। उन्होंने कहा कि आप लोगों को सरकार पेट्रोल का पैसा देती है, आप लोग अपने क्षेत्र में भ्रमण करते रहेंगे, जिससे दहशत बनी रहेगी। न्यायालय में विचाराधीन आपराधिक मामलों के सम्बन्ध कहा कि शासन का सख्त निर्देश है कि प्राथमिकता के आधार पर गवाहों को बुलाएं। उन्होंने उप जिलाधिकारियों व पुलिस क्षेत्राधिकारियों एवं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी की टीम गठित करके बिना परमिट वाले वाहनों के खिलाफ कार्यवाही कराकर चालान कराया जाए।

पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि आर्म्स एक्ट के मामलों पर पुलिस की गवाही सुनिश्चित कराई जाए। आप लोगों को जो सूची भेजी गई है, उसमें सभी की गवाही कराकर प्रत्येक दशा में इसी माह में निस्तारण कराया जाए। सम्मन तामिल समय से कराया जाए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी मऊ सौरभ यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर पंकज वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, राजापुर निष्ठा उपाध्याय, मऊ जयकरन सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला खनन अधिकारी सुधाकर सिंह, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, जिला शासकीय अधिवक्ता श्याम सुंदर मिश्रा आदि मौजूद रहे।

ससुराल में विवाहिता की मौत, पति पर हत्या का आरोप

तीन साल पहले हुई थी कोर्ट मैरिज

अखंड भारत संदेश

मर्चरी में बैठे मृतक के परिजन।

चित्रकूट। कर्वी कोतवाली क्षेत्र में 27 वर्षीय पूनम की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पूनम के परिजनों ने उसके पति अरविंद उर्फ मईयां पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों ने बताया कि पूनम की पहली शादी बदौसा जगप्रसाद से हुई थी। पति की प्रताड़ना के कारण वह मायके आ गई। तीन साल पहले उसने सीतापुर निवासी अरविंद से कोर्ट मैरिज की। शादी के बाद अरविंद भी उसे प्रताड़ित करने लगा।

रविवार देर रात नौ बजे अरविंद ने पूनम के परिजनों को फोन कर बताया कि उसकी गिरने से मौत हो गई है। परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को बुलाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा। मामले की जांच शुरू कर दी है। अरविंद से पूंछताछ की जा रही है। पूनम की मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। लोग इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का असली कारण पता चल सकेगा और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

हर्ष फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को उम्रकैद

अखंड भारत संदेश

बारात में दो लोगों की कर दी थी हत्या, दोनों पर 71 हजार रुपए जुर्माना भी लगा

चित्रकूट। एक बारात में खुशी के मौके पर फायरिंग करने के मामले में दो लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। इन दोनों ने फायरिंग कर दो बारातियों की हत्या की थी।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार ने बबुली यादव व महेश यादव को दोषी पाया। दोनों पर 71000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। मामला उस समय शुरू हुआ जब नत्थू प्रसाद यादव ने चार मई 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में तीन मई को इंटवा महुलिया गांव की बारात नोनागर अतरसुई गांव गई थी। बारात के दौरान बबुली यादव ने राइफल व महेश यादव ने दो नाली बंदूक से फायरिंग की। इस फायरिंग में रामकरण यादव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि रामलखन यादव अस्पताल में इलाज के दौरान मर गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में मामला चला। सभी दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने उन्हें सजा सुनाई।

पीएम मोदी का जीवन हर वर्ग के लिए प्रेरणास्रोतः पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत है। युवाओं के लिए युवा नरेन्द्र से लेकर 74 वर्ष के पीएम मोदी का जीवन ऐसी ऊर्जा का स्रोत है कि सफलता का राज उनके जीवन मे छिपा है।

समाज के शोषित वंचित वर्ग को खुलेआम सम्मान देने वाले उदार हृदय के ऐसे प्रधानमंत्री का जीवन वर्णन बहुत आवश्यक है। जब उन्होंने वाराणसी मे सफाई कर्मियों के पैर धुलकर और सेवा और सम्मान का सबसे बड़ा संदेश दिया था तो इसलिए समाज का हर वर्ग उनके जीवन जीने के तरीके से उपयोगी सीख ले सकता है। अनुशासित और सेवा भाव का जीवन साधारण से असाधारण जीवन यात्रा का बड़ा उदाहरण है। पीएम मोदी के जीवन से कौन नही परिचित? कैसे उन्होंने पिता के कार्य मे हाथ बंटाने का काम शुरु किया तो बचपन से ही सेना की सेवा मे जो सुकून महसूस किया उसे ही जीवन का आधार चुन लिया।

बाल योगी के जैसे सांसारिक मोह माया से दूर वह एक दिन

पीएम मोदी से भेंट करते पूर्व सांसद।

भारत भ्रमण मे भी निकल पड़े और देश की साझा संस्कृति का हृदय से साक्षात्कार किया जैसे युवा अवस्था मे ही उन्हें महसूस हो गया हो कि एक दिन मुझे देश का ही नही विश्व का नेतृत्व करना है। आज एक बार फिर अमेरिका की धरती पर पीएम मोदी की लोकप्रियता का साक्षात उदाहरण नजर आया है। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के समय लेकर वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन के समय तक अगर कुछ नही बदला तो वह भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता का पैमाना नही बदला, विपक्ष कितना भी छाती कूट ले और कोई कितनी बुराई कर ले पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा दिव्य ऊर्जा से भारत और विश्व को बड़े से बड़े मंच पर नजर आते हैं। उनके जन्मदिन पर भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा भाव से दान करता है, वह रक्तदान हो या फलदान हो और अस्पताल मे हो या किसी जरूरतमंद इंसान को इन दिनो इंसानियत की तस्वीर देश भर मे नजर आती है। पीएम मोदी के जन्मोत्सव को सेवा की हर तस्वीर इंसानियत की बड़ी तस्वीर बना देती है और विश्व मे भारत की आवाज बुलंद हो रही है। पीएम मोदी का प्रत्येक प्रयास अन्य नेताओं से अलग है और उनके मुकाबले फर्क साफ कर देता है कि विचार को बड़ा मानने वाले नेता हैं वे। उनके ही प्रधानमंत्री कार्यकाल मे नारी शक्ति को तैतीस प्रतिशत आरक्षण का बिल सदन मे पास हुआ जिसका मैं बतौर संसद सदस्य गवाह रहा और यहीं से भारत मे नारी शक्ति वंदन अभियान की शुरुआत हुई जो आगे नारी शक्ति के नेतृत्व की बड़ी क्रांति बनकर उभरेगा। अपनी संकल्प शक्ति व विचार के बदौलत वह विकसित का भारत का संकल्प लेकर एक निश्चित वर्ष 2047 का तय कर देते हैं कि यह एक सीमा रेखा है और प्रत्येक भारतीय के प्रयास से आपसी सहयोग से यह देश विकसित देशों की कतार मे खड़ा होगा।

21 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्गविजय सिंह की अगुवाई में दरोगा पवन चैधरी ने सिपाही अमित द्विवेदी के साथ सुरिंदी पुत्र बीरन कोल पवनिया थाना रामनाबाद कटनी मप्र को 21 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

रैपुरा पुलिस ने दबोचा एक वारंटी

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में दरोगा जुबैर खां ने सिपाही शिवलाल के साथ वारंटी रामसेवक पुत्र कल्लू यादव ककरहुली पुरवा देउंधा रैपुरा को गिरफ्तार किया।

27 सितंबर से 15 अक्टूबर तक होगी रामलीलाः अध्यक्ष

अखंड भारत संदेश

बैठक करते कमेटी पदाधिकारी।

राजापुर/चित्रकूट। तुलसीकृत प्राचीन रामलीला कमेटी राजापुर की बैठक रामलीला के मंच में एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा व नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा की मौजूदगी में संपन्न हुई। नई कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया।

सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि 27 सितंबर से 15 अक्टूबर तक रामलीला कराई जाएगी। गोस्वामी तुलसीदास की जन्मस्थली राजापुर से ही भगवान श्रीराम के चरित्र का मंचन शुरू हुआ था। सम्मत 1633 में सर्वप्रथम काशी नरेश के यहां भगवान राम की लीला का मंचन प्रारंभ हुआ था। उसी समय गोस्वामी तुलसीदास ने राजापुर के तत्कालीन जमीदारों से मिलकर रामलीला का मंचन प्रारंभ कराया। उसी समय से अनवरत भगवान श्रीराम के चरित्र प्रणेता गोस्वामी तुलसीदास ने रचित रामचरितमानस के आधार पर संपूर्ण लीला का मंचन 18 दिनों तक लगातार किया जाता है। जिससे मानव जीवन को एक सीख मिलती है और उनके लीलाओं का अनुकरण कर यदि मानव जीवन चलने लगे तो जीवन में किसी भी समय कठिनाई व दुख नहीं हो सकता। भगवान राम ने त्रेता युग में समय-समय पर अनेकों प्रकार की लीलायें किया था। जिसका अनुकरण करने से दैहिक दैविक भौतिक तीनों प्रकार के दुख दूर हो जाते हैं।

उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झा ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास अपनी रामचरितमानस में पित्र प्रेम भाई प्रेम संधि नीति मित्रता पिता के वचन को आदर्श स्वरूप प्रस्तुत किया है। सनातन धर्म मानने वाले लोग आज भी रामचरितमानस देव ग्रंथ के रूप में स्वीकार किया है। भगवान राम के चरित्र प्रणेता गोस्वामी तुलसीदास महाराज ने अपनी रामचरितमानस में चार वेद शास्त्रों के संपूर्ण रस को समाहित किया है। भगवान राम के चरित्र को देखने से संपूर्ण पाप नष्ट हो सकते हैं।

तुलसीकृत प्राचीन रामलीला कमेटी राजापुर में 18 दिवसीय रामलीला का मंचन कराया जाता है, उसमें तहसील प्रशासन संपूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। कस्बा राजापुर की साफ-सफाई के साथ प्रकाश की उत्तम व्यवस्था कराई जाएगी। नवरात्रि के दिनों में विशेषकर देवी पंडाल में भी शांति व्यवस्था को पुलिस बल की व्यवस्था कराई जाएगी। इस मौके पर संरक्षक लक्ष्मी नारायण मिश्रा, प्रबंधक राजकुमार उपाध्याय, कार्यवाहक अध्यक्ष सोमनाथ अग्रवाल, सुनील मिश्रा, अनिल त्रिपाठी, शंकर दयाल जयसवाल, दीपक जायसवाल, मंटू गुप्ता, मन्नू लाल सोनी, अशोक द्विवेदी, अनिल मिश्रा, मोनू सोनकर, ओमप्रकाश प्रजापति, विकास अग्रहरि, पं गंगाधर पांडेय, जितेंद्र सोनकर आदि लोग मौजूद रहे।

मारपीट के तीन आरोपियों पर 6500/6500 रुपये का जुर्माना

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह व पैरोकार अशोक बाबू की पैरवी व सहायक अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय सिविल जज सीडि/एफटीसी सुश्री सोनम गुप्ता ने मारपीट के आरोपी चुनकावन, शिवराम पुत्र दुलारे व राजू पुत्र शिवराम कंठीपुर को न्यायालय उठने तक की सजा व 6500-6500 रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

पुलिस गिरफ्त में जुआरी।

पुलिस ने तीन जुआरी दबोचे

51 सौ रुपये व ताश के पत्ते बरामद

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा पंकज तिवारी ने दीवान करन, सिपाही बहोरन सिंह, सिपाही महेन्द्र राजपूत के साथ पासी तिराहा कर्वी के पास से राजा पटेल पुत्र गौरी सिंह भरतपुरी, अजय पटेल पुत्र शिवनारायण पटेल सोनेपुर व प्रमोद कुमार पटेल पुत्र भोला सिंह सोनेपुर को ताश के पत्तों में हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ 3700 रुपये व ताश के 52 पत्ते तथा जामा तलाशी में 1400 रुपये रुपये बरामद हुए। थाना कोतवाली कर्वी में जुआ अधिनियम के मामला दर्ज हुआ।

पत्नी से झगड़े बाद पति ने खाया जहर

प्रयागराज रेफर, पुलिस कर रही मामले की जांच

अखंड भारत संदेश

अस्पताल में भर्ती मरीज।

चित्रकूट। भरतकूप थाना क्षेत्र के सुदिनपुर गांव में सोमवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। 35 वर्षीय सीताराम पुत्र रामबाबू का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि नाराज सीताराम ने कहीं से जहरीला पदार्थ लाकर खा लिया। जहर खाने के बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई।

परिजनों को जैसे ही इस घटना की जानकारी हुई, उन्होंने 108 एंबुलेंस की मदद से सीताराम को सोनेपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद सीताराम की हालत को गंभीर बताया और उसे प्रयागराज रेफर कर दिया। फिलहाल सीताराम की हालत चिंताजनक बनी हुई है। परिवार वाले उसकी सलामती के लिए दुआ कर रहे हैं। घटना से गांव में सनसनी फैल गई है। लोग यह सोचने पर मजबूर हो गए हैं कि एक छोटे से विवाद ने कैसे एक परिवार को तबाही के कगार पर पहुंचा दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी को दस साल की जेल, छह हजार का जुर्माना

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी एव पैरोकार अशोक यादव तथा प्रभारी मॉनिटिरिंग सेल निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव की पैरवी व विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो तेजप्रताप सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय विशेष न्यायधीश पॉक्सो/अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती रेनू मिश्रा ने पॉक्सो एक्ट के आरोपी रामरुप पुत्र हरीप्रसाद ब्यौहरा थाना सरधुवा को दस वर्ष की सजा व छह हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। ज्ञात है कि छह नवम्बर 2022 को सरधुवा थाने में पीड़िता के पिता ने सूचना दी कि रामरुप उपरोक्त ने घर में घुसकर उनकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म कर मारपीट की। गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है। सूचना पर सरधुवा थाने में मामले की विवेचना तत्कालीन थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने आरोपी को गिरफ्तार किया। पांच जनवरी 2023 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

होम्योपैथी चिकित्सा शिविर में हुआ 198 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

अखंड भारत संदेश

शिविर में मरीजों को दवायें देते।

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में सोमवार को न्यायालय परिसर में होम्योपैथी के आमजन तक जानकारी के सन्दर्भ में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने होम्योपैथी के जनक हैनीमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। शिविर में सर्वप्रथम होम्योपैथ के विशेषज्ञों द्वारा जनपद न्यायाधीश की जांच कर होम्योपैथी दवा के सेवन के बारे में बताया गया।

जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने बताया कि होम्योपैथी एक पूरक या वैकल्पिक चिकित्सा है। इसका मतलब यह है कि यह उन उपचारों से महत्वपूर्ण रूप से अलग है जो पारम्परिक पश्चिमी चिकित्सा का हिस्सा हैं। होम्योपैथी 1790 के दशक में सैमुअल हैनीमैन नामक एक जर्मन चिकित्सक द्वारा विकसित विचारों की एक श्रृंखला पर आधारित है।

जिला होम्योपैथी चिकित्साधिकारी डॉ दिलीप सिंह ने बताया कि शिविर में कुल 198 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क औषधि वितरण किया गया।

इस मौके पर राममणि पाठक विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट, राजेन्द्र प्रसाद भारतीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सचिन कुमार दीक्षित प्रभारी सचिव, सिविल जज सीडि, मनोज कंचनी सचिव जिला अधिवक्ता संघ, हेमराज सिंह पूर्व अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डा राजेश कुमार, डा शकुन्तला पाण्डेय, डीपीएम आयुष शिवम शुक्ला व बद्री प्रसाद वर्मा आदि मौजूद रहे।

राजस्व वसूली में सभी विभाग कराएं शत प्रतिशत पूर्ति - डीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में सोमवार को सीएम डैशबोर्ड कर- करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

सोमवार को जिलाधिकारी ने परिवहन, राज्य कर, स्टांप, वन, आबकारी, खनिज, राजस्व वसूली, नगर निकाय, कृषि, लोक निर्माण विभाग, मंडी, बांट माप, विद्युत, सिंचाई आदि विभिन्न विभागों के लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जो शासन द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसी के सापेक्ष सभी विभाग प्रगति कराएं। उन्होंने उप जिलाधिकारियों से कहा कि विद्युत, बैंक, खनन व अन्य विभागों की वसूली को भी बढावा दिया जाए। तहसीलदार वसूली पर विशेष ध्यान दें। उप जिलाधिकारियों से कहा कि खनिज अधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के साथ जांच करके अवैध खनन व ओवर लोडिंग वाहनों के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि सीएम डैशबोर्ड में जिन विभागों की रैंकिंग जिन बिन्दुओं पर कम है। वह सभी सम्बन्धित अधिकारी सभी बिंदुओं पर प्रगति कराए ताकि जनपद की रैंकिंग अच्छी रहे। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली में सभी सम्बन्धित विभाग लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत पूर्ति कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस के निस्तारण पर सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध तरीके से कराये। आख्या स्पष्ट होना चाहिए, समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लें। साथ ही स्थलीय सत्यापन भी करें। उन्होंने कहा कि अगर किसी विभाग की इस माह में आईजीआरएस निस्तारण में असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुआ। साथ ही जनपद की रैंकिंग कम हुई तो सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए शासन को पत्र भेजा जाएगा। शासन स्तर से भी निस्तारण का फीडबैक लिया जाता है। साथ ही गलत निस्तारण पाए जाने पर कार्यवाही भी की जाती है, जो भी निस्तारण करें वह संतुष्टि पूर्ण रहे। उन्होंने मंडी समिति से कहा कि खेत खलिहान दुर्घटना की पत्रावलियां जो लम्बित हैं, उनका तत्काल निस्तारण कराया जाए। उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों से कहा कि दायर वादों के सापेक्ष निस्तारण शत प्रतिशत कराया जाए।

इस मौके पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी सदर पूजा साहू, मानिकपुर पंकज वर्मा, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ सौरभ यादव, उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, डीसी राज्य कर विजय कुमार सोनी, एआईजी स्टांप श्याम सुंदर, जिला पूर्ति अधिकारी आनन्द कुमार सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक शुक्ला, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव, नगर पंचायत मानिकपुर भारत सिंह, मऊ बी के गौतम आदि मौजूद रहे।

25 सितंबर को रामकृपा हास्पिटल में लगेगा स्वास्थ्य शिविर, यूरो सर्जन डॉ सुमित अग्रवाल देंगे सेवायें

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। रामकृपा हास्पिटल में 25 सितंबर को सवेरे दस बजे से एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में सार्थक हास्पिटल सतना के यूरो सर्जन डा सुमित अग्रवाल अपनी सेवायें देंगे। सार्थक हास्पिटल के पीआरओ बीर सिंह ने बताया कि एम्स से एमसीएच करके सफदरजंग अस्पताल दिल्ली में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्य कर चुके डॉ सुमित अग्रवाल की हार्दिक इच्छा थी कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के पावन तपोवन मे प्रत्येक माह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर स्वास्थ्य से पीडित मानवों की सेवायें की जायें। स्वास्थ्य शिविर मे डा सुमित पेशाब में जलन, पेशाब में रुकावट, पेशाब में खून आना, सफेद पेशाब आना, रात में बार-बार पेशाब आना, पेशाब के इंफेक्शन, प्रोस्टेट, किडनी में पथरी, ट्यूमर, अंडकोश की बीमारी समेत गुप्त रोगों के मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत उचित परामर्श दिया जायेगा।

मुलाकात को शानदार, अद्भुत व अविस्मरणीय - केपी शर्मा ओली



न्यूयॉर्क। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीन दिवसीय अमेरिकी दौरे के दौरान रविवार को न्यूयॉर्क में नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से मुलाकात की। उन्होंने इस मुलाकात को शानदार, अद्भुत व अविस्मरणीय बताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस मुलाकात को लेकर ट्वीट किया, ह्लन्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। भारत-नेपाल मित्रता बहुत मजबूत है और हम अपने संबंधों को और भी गति देने के लिए तत्पर हैं। हमारी बातचीत ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे मुद्दों पर केंद्रित रही।

वहीं केपी शर्मा ओली ने इस के बैठक के बारे में एक्स पर लिखा, ह्लभारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बेहद सार्थक बैठक हुई। इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

विदेश मंत्रालय ने भी दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच हुई मुलाकात पर टिप्पणी की। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, ह्लदोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने कई मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। यह बैठक दोनों देशों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करने की दिशा में अहम भूमिका निभाएगी। यह मुलाकात दोनों ही देशों के संबंधों को विस्तारित करेंगे।

प्रधानमंत्री बनने के बाद केपी शर्मा ओली की पीएम मोदी से यह पहली मुलाकात है। इससे पहले, जब उन्होंने पीएम पद की शपथ ली थी, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई भी दी थी।

नेपाल भारत के लिए एक अहम पड़ोसी है। यह भारत के साथ सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के साथ सीमा साझा करता है।

मई 2014 से लेकर अब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच बार भारत की यात्रा कर चुके हैं, जबकि नेपाल के प्रधानमंत्री 10 बार भारत की यात्रा कर चुके हैं। पीएम मोदी ने नेपाल की आखिरी यात्रा साल 2022 में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर की थी।

श्रीलंका को मिला पहला वामपंथी राष्ट्रपति, अनुरा दिसानायके ने 9वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली

कोलंबो। अनुरा दिसानायके ने सोमवार को श्रीलंका के नौवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। यह पहली बार है जब एक वामपंथी नेता ने राष्ट्राध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। दिसानायके , मार्क्सवादी विचारधारा वाली जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) से आते हैं।

शपथ ग्रहण समारोह कोलंबो स्थित राष्ट्रपति सचिवालय में हुआ। मुख्य न्यायाधीश जयंत जयसूर्या ने दिसानायके को शपथ दिलाई।

चुनाव में पहली बार राष्ट्रपति पद के लिए दूसरी वरीयता के वोटों की गिनती की गई। यह तब हुआ जब दिसानायके और समागी जन संधानया के उम्मीदवार सजित प्रेमदासा, जरुरी वोट प्रतिशत हासिल करने में नाकाम रहे। इसके बाद दूसरी वरीयता के वोटों की गिनती करने की जरुरत पड़ी।

रविवार शाम 7 बजे चुनाव आयोग द्वारा अंतिम परिणाम घोषित किए गए। आयोग के अनुसार, दिसानायके ने 42.31 प्रतिशत

वोटों के साथ राष्ट्रपति पद जीता, जबकि प्रेमदासा दूसरे स्थान पर रहे और मौजूदा राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, जो पहले दौर के बाद बाहर हो गए थे, तीसरे स्थान पर रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिसानायके को राष्ट्रपति चुनाव जीतने पर बधाई दी।

पीएम मोदी ने रविवार देर रात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनावों में आपकी जीत पर अनुरा दिसानायके को बधाई। भारत की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी और विजन 'सागर' में श्रीलंका का विशेष स्थान है। मैं अपने लोगों और पूरे क्षेत्र के लाभ के लिए हमारे बहुमुखी सहयोग को और मजबूत करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।"

प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देते हुए दिसानायके ने पोस्ट किया, "पीएम मोदी, आपके समर्थन के लिए धन्यवाद। मैं हमारे देशों के बीच रिश्तों को मजबूत करने की आपकी प्रतिबद्धता को साझा करता हूं। साथ मिलकर, हम अपने लोगों और पूरे क्षेत्र के लाभ के लिए सहयोग बढ़ाने की दिशा में काम कर सकते हैं।"

मजदूर का बेटा, हथियारबंद क्रांतिकारी: कौन हैं श्रीलंका के नए राष्ट्रपति

श्रीलंका

श्रीलंका के नव-निर्वाचित वामपंथी राष्ट्रपति अनुरा कुमार डिसानायके ने रविवार को अपने देशवासियों से आह्वान किया कि वे आर्थिक संकट से जूझ रहे अपने देश के इतिहास को "दोबारा लिखने" में मदद करें. डिसानायके ने एक ऐसा चुनाव जीता है, जो अभूतपूर्व आर्थिक संकट से पैदा हुए असंतोष से प्रभावित था.

55 वर्षीय अनुरा कुमार डिसानायके पीपल्स लिबरेशन फ्रंट के नेता हैं. उन्हें चुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से लगभग 13 लाख अधिक वोट मिले. चार साल पहले हुए संसदीय चुनावों में उनकी पार्टी को केवल चार प्रतिशत वोट मिले थे, लेकिन आर्थिक संकट के कारण जनता में व्यापक असंतोष ने उन्हें जबरदस्त समर्थन दिलाया.

चुनाव परिणामों की घोषणा के तुरंत बाद उन्होंने कहा, "जो सपना हमने सदियों से देखा था, वह आखिरकार सच हो रहा है. यह जीत हम सबकी है. लाखों आंखें उम्मीद और अपेक्षा से भरी हैं, और हम सभी मिलकर श्रीलंका के इतिहास को फिर से लिखने के लिए तैयार हैं."

कौन हैं डिसानायके?

55 वर्षीय अनुरा कुमार डिसानायके एक मजदूर परिवार से आते हैं. उनकी पार्टी, पीपल्स लिबरेशन फ्रंट (जेवीपी) श्रीलंका के इतिहास में दो हिंसक विद्रोहों से जुड़ी है. वह दो बच्चों के पिता हैं और एक साधारण पारिवारिक जीवन जीते हैं. बचपन से ही उन्होंने आर्थिक कठिनाइयों का सामना किया, जिससे उनके अंदर गरीब और मेहनतकश लोगों के लिए संवेदनशीलता विकसित

पाकिस्तान की बदनाम खुफिया एजेंसी ISI को मिला नया चीफ

इस्लामाबाद: पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को नया चीफ मिल गया है। लेफ्टिनेंट जनरल मुहम्मद असीम मलिक को इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) का डीजी नियुक्त किया गया है। सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने सोमवार को यह जानकारी दी है। असीम मलिक वर्तमान में रावलपिंडी में सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) में एडजुटेंट जनरल के पद पर काम कर रहे हैं, अब उनको आईएसआई का डीजी बनाया गया है। मुहम्मद असीम मलिक 30 सितंबर को आईएसआई प्रमुख के तौर पर



अपना कार्यभार संभालेंगे।

आज न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, असीम मलिक लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अंजुम की जगह लेंगे। नदीम 2021 से डीजी आईएसआई के रूप में कार्यरत हैं और उन्हें 2023 में एक साल का विस्तार दिया गया था। अंजुम को वाशिंगटन डीसी में पाकिस्तान के राजदूत बनाए जाने की चर्चा है। लेफ्टिनेंट जनरल मलिक पूर्व में बलूचिस्तान में पैदल सेना डिवीजन और वजीरिस्तान में एक पैदल सेना ब्रिगेड की कमान संभाल चुके हैं और अपने काम के लिए कई अवार्ड भी पा चुके हैं। मलिक की पढ़ाई का बात की जाए तो वह अमेरिका में फोर्ट लीवेनवर्थ और लंदन में रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज से पढ़े हैं।

मलिक ने शानदार करियर के लिए बनाई है पहचान

पाकिस्तानी फौज में मलिक का करियर काफी अच्छा रहा है। उन्होंने पहले बलूचिस्तान और वजीरिस्तान में सेना ब्रिगेड की कमान संभाली है, ये दोनों ही क्षेत्र पाकिस्तानी सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण रहे हैं। अपनी शैक्षणिक और नेतृत्व क्षमता के लिए जाने जाने वाले लेफ्टिनेंट जनरल असीम को उनके सैन्य प्रशिक्षण के दौरान प्रतिष्ठित स्वोर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया था।

श्रीलंका के नए राष्ट्रपति को लेकर क्यों खुश हो गया चीन

बीजिंग: श्रीलंका की नेशनल पीपुल्स पावर के नेता अनुरा कुमारा दिसानायके ने सोमवार को देश के राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभाल लिया। रविवार को चुनाव नतीजों के बाद उन्हें देश का नया राष्ट्रपति चुना गया था। भारत के पड़ोसी श्रीलंका में हुए इस सत्ता परिवर्तन से चीन खुश हो गया है। चीनी विशेषज्ञों ने दिसानायके की जीत को बीजिंग के लिए फायदेमंद बताया है। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने तो नए श्रीलंकाई राष्ट्रपति की जमकर तारीफ की है।

ग्लोबल टाइम्स ने चीनी विशेषज्ञों के हवाले से कहा है कि वामपंथी नेता दिसानायके की जीत से चीन और श्रीलंका के बीच संबंधों को और बढ़ावा मिलने की संभावना है। लेख में दिसानायके के कार्यकाल के दौरान चीन के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए व्यवहारिक और दोस्ताना दृष्टिकोण अपनाने की उम्मीद की गई है।

श्रीलंका में वामपंथी सरकार

ग्लोबल टाइम्स ने चीन और श्रीलंका के बीच एक दशक में लगातार मजबूत हुए संबंधों का जिक्र किया है और कहा है कि श्रीलंका के नए प्रशासन के साथ इन संबंधों की जोड़ी को और भी बेहतर बनाने की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि दिसानायके की (वामपंथी) पार्टी चीन के साथ कई वैचारिक समानताएं साझा करती है और बीजिंग के साथ देश के संबंधों को महत्व देती है।

हालांकि, दिसानायके के सामने भारत और चीन के बीच संतुलन साधने की चुनौती भी होगी। सिंघुआ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय रणनीति संस्थान में अनुसंधान विभाग के निदेशक कियान फेंग ने ग्लोबल टाइम्स के साथ बातचीत में बताया कि नए प्रशासन से चीन और भारत के साथ संबंधों के बीच एक संतुलित रुख बनाए रखने की उम्मीद है, लेकिन नए राष्ट्रपति से भारत पर निर्भरता कम करने और चीन की विकास रणनीतियों के साथ अधिक करीबी तलाश करने की संभावना है।

चीनी और विदेशी छात्रों का आदान-प्रदान वैश्विक दृष्टिकोण बनाने में करता है मदद

बीजगि। चीन में अंतरराष्ट्रीय छात्र चीन की कहानी को दुनिया के साथ साझा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और देश के सतत विकास में योगदान देते हैं। आज की परस्पर जुड़ी दुनिया में, अन्य देशों के साथ चीन का जुड़ाव महत्वपूर्ण है, और दुनिया भी चीन पर उतनी ही निर्भर है। हालांकि वैश्वीकरण की ओर चीन की यात्रा लंबी हो सकती है, लेकिन यह एक जरूरी प्राथमिकता है।

ये अंतरराष्?ट्रीय छात्र चीन और बाकी दुनिया के बीच महत्वपूर्ण पुल के रूप में कार्य करते हैं। उनका अनुभव और संचार कौशल दूसरों को चीन के बारे में ईमानदारी और प्रमाणिक तरीके से समझने में मदद करने के लिए आवश्यक है।

हमारी वैश्वीकृत दुनिया में, आपसी समझ

और सांस्कृतिक एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए चीनी और विदेशी छात्रों के बीच विचारों का आदान-प्रदान महत्वपूर्ण हो गया है। ये छात्र केवल शिक्षार्थी नहीं हैं, सांस्कृतिक राजदूत भी हैं।

चीन में रहकर और अध्ययन करके, अंतर्राष्ट्रीय छात्र अपनी भाषाओं, परंपराओं और कलाओं को स्थानीय वातावरण में लाते हैं, समुदाय को नए दृष्टिकोण और ऊर्जा प्रदान करते हैं। साथ ही, वे चीनी संस्कृति के संपर्क के माध्यम से नई अंतर्दृष्टि और जीवन का अनुभव प्राप्त करते हैं।

विश्वविद्यालय और शैक्षणिक संस्थान सांस्कृतिक उत्सव और अन्य कार्यक्रम आयोजित कर इस आदान-प्रदान को और आगे बढ़ा सकते हैं, जसिसे अंतरराष्ट्रीय छात्र अपनी विरासत को प्रदर्शित और साझा कर सकें। ये गतिविधियां छात्रों के बीच मित्रता को मजबूत करती हैं और स्थानीय समुदायों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित करती हैं, इससे सांस्कृतिक विविधता और समावेश को बढ़ावा मिलता है। इसके अलावा, सोशल मीडिया, ब्लॉग और वीडियो के माध्यम से, अंतरराष्?ट्रीय छात्र अपने अनुभव और सांस्कृतिक अंतर्दृष्टि को व्यापक रूप से दूसरों के साथ साझा कर सकते हैं।

यह आदान-प्रदान संस्कृतियों के बीच की खाई को पाटने में मदद करता है और दुनिया भर में रुचि और जिज्ञासा जगाता है। सरकारों और संगठनों को भी अंतरराष्?ट्रीय छात्रों के लिए संसाधन और मंच प्रदान कर इन सांस्कृतिक आदान-प्रदानों को प्रोत्साहित और समर्थन करना चाहिए। सही नीतियों और वित्तीय सहायता के साथ, हम चीन और अन्य देशों के बीच सांस्कृतिक संबंध को गहरा कर सकते हैं।

लेबनान के पेजर ब्लास्ट से डरा ईरान

तेहरान: लेबनान में पेजर और वॉकी-टॉकी में धमाकों के बाद ईरान ने कई एहतियाती कदम उठाए हैं। संभावित खतरे के अंदेशे को देखते हुए ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने अपने सभी सदस्यों को सभी कम्युनिकेशन डिवाइस का इस्तेमाल बंद करने का आदेश दिया है। आईआरजीसी के दो वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से रॉयटर्स को इस फैसले की जानकारी दी है। ईरानी अधिकारी ने बताया कि सभी डिवाइस की जांच के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है।

वायनेटन्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते हफ्ते लेबनान में हिजबुल्लाह लड़ाकों के इस्तेमाल में रहे हजारों पेजर और वॉकी-टॉकी फट गए थे। इसे इजरायल के एक बड़े ऑपरेशन का हिस्सा बताया गया है। ईरान भी इजरायल के प्रमुख विरोधियों में से है। ऐसे में ईरान के अंदर भी इस तरह के किसी ऑपरेशन का डर है। ऐसे में आईआरजीसी ने ना सिर्फ कम्युनिकेशन डिवाइस बल्कि तमाम इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच के लिए कहा है। खासतौर से दूसरे देशों से आए उपकरणों की जांच की जा रही है।

ईरान की चिंता बने इजरायली एंजेंट

रिपोर्ट कहती है कि ईरान को इजरायली एजेंटों की घुसपैठ की चिंता है। इसमें ऐसे ईरानी भी शामिल हैं, जिनके विदेश में रहते हुए इजरायल के संपर्क में आने का संदेह है। ऐसे में बड़ी संख्या में लोगों के बैंक खातों और उनकी विदेश यात्रा की जांच की जा रही है। ईरान के विदेश, रक्षा और आंतरिक मंत्रालय ने इस संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की है।

सुरक्षा अधिकारी ने ये नहीं बताया है कि आईआरजीसी फिलहाल कम्युनिकेशन के लिए किस डिवाइस का इस्तेमाल कर रहा है। अधिकारी के अनुसार, ईरान के सत्तारूढ़ प्रतिष्ठान में व्यापक चिंता है और हमलों के तकनीकी आकलन के लिए हिजबुल्लाह से भी संपर्क किया है।

लेबनान में फटे उपकरणों के कई नमूने ईरानी विशेषज्ञों द्वारा जांच के लिए तेहरान भेजे गए हैं। एक और ईरानी अधिकारी ने कहा कि उनके देश की मुख्य चिंता परमाणु और मिसाइल सुविधाओं, विशेष रूप से भूमिगत सुविधाओं की सुरक्षा है।

आईआरजीसी ईरान में एक शक्तिशाली राजनीतिक, सैन्य और आर्थिक बल है।

हार्ट अटैक गन, लिपिस्टिक ट्यूब से पेजर में विस्फोटक तक...

बेरूत: लेबनान में हुए पेजर ब्लास्ट की इस समय दुनियाभर में चर्चा है। लेबनान में हिजबुल्लाह लड़ाके जिस पेजर को सुरक्षित मानकर बातचीत का जरिया बनाए हुए थे, वो अचानक उनके लिए मौत का सामान बन गया। देशभर में पेजर्स में विस्फोट ने जब हजारों लोगों को घायल कर दिया तो उनको पता चला कि ये डिवाइस विस्फोटक से भरी हुई थी। माना जा रहा है कि इजरायल की जासूसी कंपनियां लेबनान में हुई इस तबाही के लिए जिम्मेदार हैं क्योंकि हिजबुल्लाह और इजरायली सेना लंबे समय से एक-दूसरे पर हमलावर हैं। ये पहली बार नहीं है जब जासूसी एजेंटों ने रोजमर्रा की चीजों को जानलेवा हथियार बनाकर दुश्मन के खिलाफ इस्तेमाल किया है।

पूर्व वरिष्ठ ब्रिटिश सैन्य खुफिया अधिकारी फिलिप इनग्राम ने द सन से बात करते हुए बताया कि आम जीवन में इस्तेमाल होने वाले गैजेट खतरनाक साबित होते रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने अपने कार्यकाल में खिलौनों को विस्फोटकों से लैस देखा है तो लंदन की सड़कों पर जहरीली गोलियों वाले छाते भी देखे हैं।

अमेरिकी सेना इस्तेमाल करेगी मेड इन इंडिया चिप

वॉशिंगटन: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को जब न्यूयॉर्क में भारतीय-अमेरिकियों की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 'वह दिन दूर नहीं जब आप अमेरिका में भी मेड इन इंडिया चिप देखेंगे', तो हजारों लोगों से भरा हाल तालियों से गूंज उठा। पीएम मोदी सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत की बढ़ती निर्माण क्षमता के बारे में बोल रहे थे। भारत ने अब तक पांच सेमी कंडक्टर इकाइयों को मंजूरी दी है, जिसमें 2 पर काम शुरू हो चुका है। इस बीच जानकारी सामने आई है कि भारत

अपना पहला सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन प्लांट स्थापित करने जा रहा है, जो भारतीय रक्षा बलों के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाने के लिए स्थापित होने वाले प्लांट के निर्माण में अमेरिकी सेना की सबसे आधुनिक शाखा यूएस स्पेस फोर्स मदद करने जा रही है। इसी शनिवार को डेलावेयर में पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच द्विपक्षीय बैठक के बाद फैब प्लांट के बारे में जानकारी सामने आई है। भारत में यह फैब्रिकेशन प्लांट 2025 में स्थापित किया जाएगा ।

लेबनान और इजरायल के बॉर्डर पर क्यों तैनात हैं 600 भारतीय सैनिक

तेल अवीव: पश्चिम एशिया में बीते काफी समय से तनाव बढ़ा हुआ है। हाल ही में लेबनान में हुए पेजर ब्लास्ट ने तो हिज्बुल्लाह और इजरायल को जंग की कगार पर खड़ा कर दिया है। इस तनातनी के बीच भारतीय सेना शांति बनाए रखने में एक अहम रोल अदा कर रही है। भारतीय फौज संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के तहत इजरायल-लेबनान के अशांत बॉर्डर पर अपनी मजबूत उपस्थिति जारी रखे हुए है। वर्तमान में 600 भारतीय सैनिक ब्लू लाइन पर तैनात हैं, जो कि लेबनान से इजरयल की वापसी के बाद साल 2000 में स्थापित सीमा थी। यह फोर्स लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) का हिस्सा है, जो युद्ध क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने

के लिए समर्पित है।

फाइनेंशिल एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, हिज्बुल्लाह और इजरायल के बीच हालिया समय में एक-दूसरे के ठिकानों पर रॉकेट और ड्रोन से भी हमले किए गए हैं। दोनों ओर से हमलों और धमकियों के बीच भारतीय सेना की भूमिका हस्तक्षेप करने की नहीं बल्कि संयुक्त राष्ट्र के निदेर्शों के तहत शांति और सुरक्षा बनाए रखने की है। करीबृ 120 किलोमीटर लंबी ब्लू लाइन इजरायल और लेबनान के बीच एक बफर जोन के तौर पर काम करती है, जहां केवल भारतीय फौज सहित संयुक्त राष्ट्र की सेनाएं तैनात हैं।

यूएन के नियमों के तहत करते हैं फौजी काम

यूएनआईएफआईएल के तहत भारतीय सेना का पहला उद्देश्य शांति बनाए रखते हुए यह सुनिश्चित करना है कि क्षेत्र में संघर्ष या हिंसा की घटनाएं ना बढ़े। भारतीय सैनिकों को क्षेत्र में अन्य संयुक्त राष्ट्र मिशनों की सुरक्षा करने और शांति अभियानों के लिए किसी भी खतरे को रोकने का भी काम सौंपा गया है। भारतीय सेना की भूमिका इसलिए ज्यादा अहम हो जाती है क्योंकि वह इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच किसी सीधे सैन्य अभियानों में शामिल नहीं हैं। इसके बजाय वे संयुक्त राष्ट्र के आदेश का पालन करते हुए अस्थिर सीमा पर एक स्थिरता की कोशिश करते हैं।

ब्लू लाइन पर शांति सेना को दो मुख्य क्षेत्रों में विभाजित किया गया है।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।